Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित




दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

शुभ नवरात्रि

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 87 | रविवार, 30 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम मोदी संघ के स्मृति मंदिर में करेंगे नवरात्र पूजा



नागपुर पहुंचने पर मैं स्मृति मंदिर और उसके बाद दीक्षाभूमि जाऊंगा। इसके बाद नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखूंगा। मुझे सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड की गोला–बारूद सुविधा का दौरा करने का भी अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के दौरे पर जाएंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। उनका दौरा नागपुर से शुरू होगा और बाद में बिलासपुर तक जाएगा। एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि मैं कल 30 मार्च को विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में रहूंगा। नागपुर पहुंचने पर मैं स्मृति मंदिर और उसके बाद दीक्षाभूमि जाऊंगा। इसके बाद नागपुर में माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखूंगा। मुझे सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड की गोला–बारूद सुविधा का दौरा करने का भी अवसर मिलेगा।

## म्यांमार में फिर भूकंप के झटके



म्यांमार में कल 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके ठीक 11 मिनट बाद 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे तबाही का मंजर देखने को मिला। इमारतें, पुल, ऐतिहासिक संरचनाएँ, सड़कें और अन्य सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, म्यांमार का दूसरा सबसे बड़ा शहर मंडाले, जहाँ लगभग 1.5 मिलियन लोग रहते हैं, तबाही का केंद्र बन गया। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने बताया कि म्यांमार में आए शक्तिशाली भूकंपों के एक दिन बाद, जिसमें 1,000 से ज्यादा लोगों की जान चली गई, शनिवार को देश में 5.1 तीव्रता का एक और भूकंप आया। यूएसजीएस ने बताया कि भूकंपीय गतिविधि म्यांमार की राजधानी नेपीडॉ के पास दोपहर 2.50 बजे के आसपास 10 किलोमीटर की गहराई पर हुई। शनिवार को आए भूकंप से हुए नुकसान या किसी के हताहत होने का विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं है, जबकि शुक्रवार को आए भूकंप से भी यही क्षेत्र प्रभावित हुआ था। नेपीता में ताजा भूकंप उस समय आया जब अधिकारी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत में लगे थे, जबकि शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली, फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। म्यांमार में कल 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके ठीक 11 मिनट बाद 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे तबाही का मंजर देखने को मिला।

## म्यांमार में भूकंप से तबाही

# पीएम मोदी बोले- करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में साथ खड़ा भारत

**नई दिल्ली।**

म्यामांर में शुक्रवार को आए विनाशकारी भूकंप ने अब तक हजारों लोगों की जान ले ली है। करीब 1700 लोग घायल हुए हैं और हजारों अभी भी लापता हैं। भूकंप के तुरंत बाद ही भारत ने म्यांमार को हर संभव मदद देने का वादा किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने म्यांमार के सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की है। पीएम ने कहा कि एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में,



भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, 'म्यांमार के वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की। विनाशकारी भूकंप में हुई मौतों पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।' उन्होंने आगे लिखा, 'एक करीबी दोस्त और पड़ोसी के रूप में, भारत इस कठिन समय में म्यांमार के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, खोज और बचाव दल को प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से भेजा जा रहा है।' भारत ने म्यामांर में मानवीय मदद



पहुंचाने के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया है। भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री 40 टन मानवीय सहायता लेकर यांगून बंदरगाह भेजे गए हैं। खोज और बचाव कार्यों में मदद के लिए एनडीआरएफ की 80 सदस्यीय समर्पित टीम म्यांमार भेजी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मानवीय सहायता की पहली खेप ले जा रहे भारतीय वायुसेना के सी-130 जे विमान की तस्वीरें साझा कीं, जिसमें टेंट, स्लीपिंग बैग, खाने के पैकेट, स्वच्छता किट, आवश्यक दवाइयाँ और बहुत कुछ शामिल है।

## सार संक्षेप

### अहमदाबाद में चला 'सुदर्शन चक्र' गुजरात को नसीब हुई पहली जीत



**नई दिल्ली।**

अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में शनिवार को साई सुदर्शन ने मुंबई इंडियंस के विरुद्ध 41 गेंदों पर 63 रन की पारी खेली। कप्तान शुभमन गिल ने उनका साथ दिया और 38 रन बनाए।

दोनों की इस पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने 196/8 स्कोर किया और मुंबई के सामने 197 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में मुंबई ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 160 रन बनाए और 36 रन से इस मुकाबले को गंवा दिया। मुंबई की यह लगातार दूसरी हार है। वहीं 18वें सीजन में गुजरात टाइटंस की जीत का खाता खुल गया है। एक मैच का निलंबन झेलने के बाद वापसी कर रहे मुंबई के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीता और गेंदबाजी चुनी। अब तक सभी मैचों में टॉस जीतने वाले कप्तानों ने गेंदबाजी चुनी और रात में ओस को देखते हुए हार्दिक ने भी गेंदबाजी चुनने में परहेज नहीं किया, लेकिन इस सीजन में गुजरात की नई ओपनिंग जोड़ी गिल और सुदर्शन ने मुंबई के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। दोनों ने पहले आठ ओवर में 75 रन जोड़ डाले। शुभमन गिल को अहमदाबाद का यह मैदान कितना रास आता है, यह किसी के छुपा नहीं है। इस मैदान पर गिल ने हर प्रारूप में शतक लगाया है।

### 31 मार्च की रात 12 बजे से बढ़ जाएगा टोल टैक्स

**भागलपुर।** वाहन चालकों अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ने वाला है। इसलिए कि 31 मार्च की रात 12 बजे के बाद से स्थाई बाइपास व एनएच 31 सहित आसपास के टोल प्लाजा में नई दर से वाहनों को टोल टैक्स देना होगा।

पांच रुपये से 30 रुपये तक टोल टैक्स में इजाफा हुआ है। पहली अप्रैल से बढ़ी टोल टैक्स के संबंध में एनएचआइ की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नई दरों की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। नई दरें 31 मार्च की रात 12 बजे से लागू होंगी। इसका असर भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, बेगूसराय, मोकामा रूट से गुजरने वाले वाहनों पर पड़ेगा। इन टोल प्लाजा से रोज औसतन पांच लाख छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। टोल दरें पांच से दस रुपये तक बढ़ाई गई हैं। दो से पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। मासिक पास की दरें भी बढ़ी हैं।

एनएचएआइ के परियोजना निदेशक मनीष कुमा ने बताया कि हर साल टोल की दरों में बदलाव किया जाता है। 31 मार्च की रात 12 बजे से भागलपुर बाइपास, एनएच 31 पर नवगछिया खरीक, मुंगेर-खगड़िया एनएच-333बी हाइवे के बालगुदर, मोकामा-मुंगेर एनएच 80 के माल्हीपुर टोल प्लाजा पर नई दरों के हिसाब से भुगतान करना होगा।

## बोले पंजाब के सीएम भगवंत मान

# '4 मई को केंद्र के साथ बैठक में किसानों को व्यक्तिगत रूप से ले जाऊंगा'

**नई दिल्ली।** एम ने सवाल किया कि विरोध का मामला केंद्र सरकार के पास है। रास्ते पूरी तरह से बंद कर दिए गए थे... पंजाब को विरोध के कारण नुकसान हो रहा था और हमें सीमाएं खोलनी पड़ीं। मांग केंद्र से है, तो पंजाब के लोगों को परेशानी क्यों हो रही है?



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि वह किसान आंदोलन का समर्थन करते हैं और वह केंद्र के साथ 4 मई को होने वाली वार्ता के लिए किसानों को व्यक्तिगत रूप से ले जाएंगे। टीवी 9 शिखर सम्मेलन में बोलते हुए पंजाब के सीएम ने यह भी कहा कि विरोध करना किसानों का लोकतांत्रिक अधिकार है। सीएम ने कहा, ऱमैं शंभू और खन्नौरी बॉर्डर पर किसानों के विरोध प्रदर्शन का पूरी तरह से समर्थन करता हूं। अपने अधिकारों के लिए लड़ना हर किसी का लोकतांत्रिक अधिकार है। मैं किसानों को 4 मई को केंद्र के साथ होने वाली बैठक में व्यक्तिगत रूप से ले जाऊंगा...हमने उनके साथ प्यार से पेश आया है...अभी तक उन पर कोई लाठी या पानी की बौछार नहीं की गई है।

## दिल्ली में चलेंगी तेज हवाएं

# महाराष्ट्र-कर्नाटक में गरज के साथ बारिश कश्मीर में भारी बर्फबारी की संभावना

**नई दिल्ली।**

मौसम विज्ञान विभाग ने ताजा मौसम अलर्ट जारी किए हैं जिसमें बताया गया है कि आज दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाएं चलेंगी। जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में भारी बर्फबारी होने की संभावना है, जबकि महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

ओडिशा में लू की चेतावनी जारी की गई है, जबकि गुजरात और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में तापमान बढ़ रहा है। पश्चिमी विक्षोभ और मध्य पाकिस्तान और पूर्वोत्तर असम पर इससे जुड़े चक्रवाती परिसंचरण उत्तरी



और पूर्वोत्तर भारत में मौसम की स्थिति को प्रभावित करने वाले हैं।शुक्रवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.8 डिग्री अधिक 20.9 डिग्री दर्ज किया गया। यह गर्मियों के इस सीजन में अब तक का सर्वाधिक है। वहीं तेज हवाओं के असर से अधिकतम तापमान सामान्य से 0.3 डिग्री कम 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सर्वाधिक न्यूनतम तापमान 23.1 की दृष्टि राजघाट दिल्ली के सबसे गर्म इलाके रहे। मौसम विभाग की मानें तो अभी एक दो दिन और तीखी गर्मी से राहत बनी रह सकती है। मौसम विभाग का पूवार्नुमन है कि शनिवार को आंशिक तौर पर बादल छाए रहेंगे। 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलेगी। बीच बीच में हवा की रफ्तार 40 किमी प्रति घंटा भी पहुंच सकती है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 33 और 15 डिग्री रह सकता है। रविवार से तापमान में दोबारा वृद्धि होने लगेगी।

# इसरो को सेमीक्रायोजेनिक इंजन बनाने में मिली कामयाबी



**बेंगलुरु।**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2,000 किलोन्यूटन के उच्च थ्रस्ट वाले सेमीक्रायोजेनिक इंजन या तरल ऑक्सीजन/केरोसिन इंजन को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करने की घोषणा की है। यह इंजन प्रक्षेपण यान मार्क-3 (एलवीएम3) के सेमीक्रायोजेनिक बूस्टर चरण में मदद करेगा। इसरो के अनुसार, सेमीक्रायोजेनिक इंजन विकसित करने के कार्यक्रम में पहली बड़ी सफलता 28 मार्च को मिली, जब तमिलनाडु में महेंद्रगिरि के इसरो प्रणोदन परिसर में इंजन पावर हेड टेस्ट आर्टिकल (पीएचटीए) का पहला हाट टेस्ट सफल रहा। इसरो के अनुसार शुक्रवार के परीक्षण ने 2.5 सेकंड की परीक्षण अवधि के लिए इंजन के सुचारू इग्निशन और बूस्ट स्ट्रैप मोड संचालन को प्रदर्शित किया। परीक्षण पूवार्नुमान के अनुसार हुआ और इंजन के सभी मापदंड उम्मीद के मुताबिक रहे। इस सफलता के साथ इसरो पूरी तरह से एकीकृत इंजन के निर्माण से पहले पीएचटीए पर कई परीक्षण करने की योजना बना रहा है, ताकि इसके प्रदर्शन को और अधिक प्रमाणित और परिष्कृत किया जा सके। इसरो का द्रव्य प्रणोदन प्रणाली केंद्र सेमी क्रायोजेनिक प्रणोदन इंजन और स्टेज का विकास कर रहा है।

# म्यांमार की आपदा में संकटमोचक बना भारत

**नई दिल्ली।**

भारत ने म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप के राहत और बचाव कार्यों को तेज करने के लिए ऑपरेशन ब्रह्म के तहत दो नौसैनिक जहाज भेजे हैं। इसके अलावा, एक फील्ड हॉस्पिटल को भी शनिवार को एयरलिफ्ट किया जाएगा। विदेश मंत्रालय (टएअ) ने यह जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि इस मानवीय सहायता अभियान के तहत दो और भारतीय नौसैनिक जहाज जल्द ही म्यांमार के लिए रवाना किए जाएंगे। इसके अलावा, एक फील्ड हॉस्पिटल भी विमान के जरिए भेजा जा रहा है, जिसमें 118 सदस्यीय चिकित्सा दल शामिल होगा। यह दल आगरा से शनिवार को म्यांमार के लिए प्रस्थान करेगा। ऑपरेशन ब्रह्म के तहत राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (ठऊफत्र) की टीम को भी तैनात किया जा रहा है। यह टीम भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों के लिए आधुनिक उपकरणों से लैस है, जिनमें मजबूत कंक्रीट कटर, ड्रिल मशीनें, हथौड़े और प्लाज्मा कटिंग मशीनें शामिल हैं। ठऊफत्र के उप महानिरीक्षक (ऑपरेशंस) मोहसिन शहेदी ने प्रेस वार्ता में बताया कि अगले 24 से 48 घंटे राहत कार्यों के लिए बेहद अहम होंगे। इस दौरान टीम को सक्रिय रूप से राहत कार्यों में जुटना होगा, जिससे अधिकतम लोगों तक मदद पहुंचाई जा सके।



## पीछे हटने को तैयार नहीं केंद्र सरकार

# अमित शाह बोले- संसद के इसी सत्र में पेश होगा वक्फ विधेयक

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक संसद के इसी सत्र में फिर से पेश किया जाएगा। अगस्त 2024 में इस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजा गया था। चार अप्रैल को समाप्त होने वाले मौजूदा बजट सत्र में अब केवल चार कार्यदिवस बचे हैं।

अमित शाह ने एक निजी चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि हम इसी सत्र में संसद में वक्फ विधेयक पेश करेंगे। प्रस्तावित कानून से किसी को डरना नहीं चाहिए, क्योंकि नरेन्द्र मोदी सरकार संविधान के दायरे में रहकर वक्फ अधिनियम में संशोधन कर रही है। विपक्ष मुसलमानों को गुमराह कर रहा है। मुसलमानों के किसी भी अधिकार पर अंकुश नहीं लगाया जाएगा। विपक्ष सिर्फ झूठ पर झूठ बोल रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार को मौजूदा कानून में संशोधन इसलिए लाना पड़ा, क्योंकि मूल कानून तुष्टीकरण की राजनीति के कारण बनाया गया था। कांग्रेस ने वक्फ एक्ट में ऐसे नियम बनाए जो संविधान की भावना के अनुरूप नहीं थे। हमने वक्फ विधेयक को संविधान के दायरे में रखा है, जबकि कांग्रेस ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए कानून को तोड़-मरोड़ कर पेश किया था। अमित शाह ने कहा कि वक्फ बोर्ड ने दिल्ली में 123 प्रमुख स्थानों को वक्फ संपत्ति घोषित कर रखा है। प्रयागराज में ऐतिहासिक चंद्रशेखर आजाद पार्क (जहां आजाद ने अपना बलिदान दिया था) को भी वक्फ संपत्ति घोषित किया गया है।



गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि राजग बिहार में फिर से बड़े जनादेश के साथ सरकार बनाएगा। भाजपा, जदयू और कुछ अन्य दलों का गठबंधन मिलकर काम कर रहा है। हाल के दिनों में गठबंधन की कई बैठकें हुई हैं। बिहार में राजग बहुत मजबूत है।

## संपादक की कलम से

# 1984 की बेलगाम


ललित शर्मा
संपादक

केंद्रीय राज्यमंत्री एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी को 1984 उपन्यास की याद आना सटीक लगता है। जॉर्ज ऑरवेल का यह उपन्यास 1949 में प्रकाशित हुआ था, जिसकी कहानी भविष्य के एक काल्पनिक प्रांत पर आधारित थी। उस प्रांत की पुलिस निरंकुश, तानाशाही प्रवृत्ति की होगी और आम नागरिक के अधिकारों का हनन होगा। यह एक काल्पनिक समाज विज्ञान का चित्रण था। प्रांत का नाम ओशिनिया रखा गया था। बेशक भारत एक स्थापित लोकतांत्रिक देश है, लेकिन इसकी बहुधा पुलिस काफी हद तक निरंकुश है। यदि होली बनाम नमाज और होली बनाम नवरात्रि तथा हिंदू-मुसलमानों के त्योहारों के समग्र परिप्रेक्ष्य में, खासकर उप्र पुलिस के आदेशों का, विश्लेषण किया जाए, तो 1984 की कथा आज भी भारत के कई हिस्सों में प्रासंगिक लगती है। सडक पर नमाज अदा करने के हम भी खिलाफ हैं, लेकिन किसी निजी परिवार की छत पर भी नमाज पढ़ी नहीं जा सकती, यह लोकतांत्रिक आदेश नहीं लगता। मेरठ पुलिस ने तो एक कदम और बढकर आदेश जारी कर दिए कि यदि नमाज संबंधी फरमान की अवहेलना की गई, तो आपराधिक केस दर्ज किया जा सकता है। उस शख्स का पासपोर्ट और लाइसेंस आदि भी रद्द किए जा सकते हैं। यह पुलिस का कौनसा संवैधानिक अधिकार है? बेशक संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धार्मिक स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार है, लेकिन यह सडक या राजमार्ग बाधित कर अपना धार्मिक, सामुदायिक त्योहार मनाने का अधिकार नहीं देता। यह संवैधानिक अनुच्छेद कांवड़-यात्रा, जागरण, भंडारा और शोभा-यात्राओं पर भी उतना ही प्रभावी होना चाहिए। कांवड़-यात्रा के दौरान करीब एक माह तक सडक, मार्ग और राजमार्ग अवरुद्ध हो जाते हैं। आम नागरिक का गुजरना दूभर हो जाता है। बल्कि सरकारी हेलीकॉप्टर से कांवडियों पर पुष्प-वर्षा तक की जाती है। संवैधानिक अनुच्छेद का क्रियान्वयन दोगला कैसे हो सकता है? पुलिस का एक सर्किल अफसर इतना निरंकुश कैसे हो सकता है कि रमजान-होली या नवरात्रि के त्योहारों पर सेवइयां बनाम गुझिया की बात करे। विडंबना है कि मुख्यमंत्री या मंत्री का स्तर तो चरम अवस्था है, लेकिन जिला और प्रखंड स्तर के पुलिस अधिकारी भी ऐसे बयानों को खारिज नहीं करते। खामोशी से इन बयानों को मान्यता ही देते हैं। समग्रता में नतीजा यह है कि हिंदू बनाम मुसलमान का तनाव, विभाजन और नफरत का माहौल पसरा रहता है। उसी में से सांप्रदायिक दंगे पनपते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिंदू-मुस्लिम बस्तियों की बात कही है, जो भावनाओं को भडकाती है और असुरक्षा-बोध पैदा करती है। संयोग है कि नवरात्रि और ईद एक ही दिन हैं, जबकि हिंदू त्योहार तो नौ लगातार दिन तक चलेगा। नवरात्रि के दिन उप्र, दिल्ली, मध्यप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान आदि राज्यों में शोर मचा है कि नवरात्रि के दौरान मांस की दुकानें बंद रखी जाएं। हरियाणा सरकार ने तो रमजान की सरकारी छुट्टी भी रद्द कर दी है। दिल्ली में मांस की अवैध दुकानों को बंद करने का सरकारी आदेश दे दिया गया है। ऐसा आभास दिया जा रहा है मानो मीट की दुकानदारी मुसलमान ही करते हैं! प्राप्त डाटा के मुताबिक, मीट का व्यापार करने वालों में करीब 60 फीसदी हिंदू हैं और 40 फीसदी मुसलमान हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के अनुसार भी देश में 83.4 फीसदी पुरुष मांसाहारी हैं, जबकि 70 फीसदी से ज्यादा महिलाएं मांस खाती हैं। उनमें हिंदुओं की संख्या अधिक है। नवरात्रि के दौरान उत्तरी भारत की संस्कृति भिन्न है, जबकि पश्चिम बंगाल, ओडिशा, पूर्वोत्तर राज्यों में नवरात्रि के दौरान भी मांस खाते हैं। प्रशासन कुछ भी जबरन नहीं थोप सकता और न ही जनता को बाध्य किया जा सकता है। मंदिरों के मुद्दे पर सरसंघचालक मोहन भागवत कुछ और विचार और नसीहत देते हैं, लेकिन मुख्यमंत्री योगी की सोच बिल्कुल अलग है।

# प्रथम नवरात्र : मां शैलपुत्री

## जानें मां शैलपुत्री की पूजा, भोग, मंत्र और आरती के बारे में

3 अक्टूबर को शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हो रही हैं। नवरात्रि की पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। मां बेहद दयालु और कृपालु हैं। मां शैलपुत्री के मुख पर कांतिमय तेज झलकता है। मां शैलपुत्री बाएं हाथ में कमल पुष्प और दाएं हाथ में त्रिशूल धारण करती हैं, इनकी सवारी वृषभ है। मां अपने भक्तों का उद्धार कर दुखों को दूर करती हैं।


मां शैलपुत्री का जन्म पर्वतों के राजा हिमालय के घर में पुत्री के रूप में हुआ था, इसीलिए इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। देवी शैलपुत्री को देवी पार्वती के नाम से भी जाना जाता है।

### मां शैलपुत्री की पूजा विधि

शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा के साथ घटस्थापना भी की जाती है। यानी कलश स्थापना के साथ नवरात्रि पूजन की शुरूआत होती है। मां शैलपुत्री की पूजा विधि आरम्भ करने से पहले सुबह उठाकर स्नान करें और मंदिर की साज सजावट करें। इसके बाद कलश की स्थापना कर पूजा शुरू करें, मां की मूर्ति या तस्वीर को सिंदूर से तिलक लागाने के बाद लाल रंग के पुष्प अर्पित करें। इसके बाद माता को फल और मिठाई अर्पित करें और माता के समक्ष घी का दीपक जलाए। माता की आरती करने के साथ दुर्गा चालीसा का पाठ करें, इसके बाद व्रत का संकल्प लें।

**मां शैलपुत्री का भोग**

मां शैलपुत्री चन्द्रमा से सम्बन्ध रखती है। इन्हे सफेद रंग खाद्य पदार्थ का भोग लगाया जाता है जैसे खीर, रसगुल्ले, पताशे आदि। बेहतर स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए मां शैलपुत्री को गाय के घी का भोग लगाएं या गाय के घी से बनी मिठाईयों का भोग लगाएं।



### मां शैलपुत्री का प्राथना मंत्र

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै
विच्चे ॐ शैलपुत्री देव्यै नमः।

### मां शैलपुत्री का उपासना मंत्र

वन्देवांछितलाभाय चन्दार्धकृतशेखराम्।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्।।

### मां शैलपुत्री के पूजा का महत्व

मां शैलपुत्री की पूजा करने से जीवन में स्थिरता आती है। माता शैलपुत्री की विधिवत आराधना से वैवाहिक जीवन सुखमय रहता है और घर में खुशहाली आती है। इनकी अर्चना से मूलाधार चक्र जागृत होते हैं जो अत्यन्त शुभ होता है। साथ ही नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा से चन्द्रमा से जुड़े सभी प्रकार के दोष दूर हो जाते हैं और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

### मां शैलपुत्री की आरती

शैलपुत्रीमां बैल असवार।
करेंदेवता जय जयकार।
शिव शंकरकीप्रिय भवानी।
तेरीमहिमा किसी ने ना जानी।
पार्वतीतूउमा कहलावे।
जो तुझेसिमरे सो सुख पावे।
ऋद्धि-सिद्धिपरवान करे तू।
दया करे धनवानकरे तू।
सोमवारकोशिव संग प्यारी।
आरतीतेरी जिसने उतारी।
उसकीसगरी आस पुजा दो।
सगरेदुख तकलीफ मिला दो।
घी का सुंदरदीप जला के।
गोलागरी का भोग लगा के।
श्रद्धाभाव से मंत्र गाएं।
प्रेमसहित फिर शीश झुकाएं।
जय गिरिराजकिशोरी अंबे।
शिव मुख चंद्रचकोरी अंबे।
मनोकामनापूर्ण कर दो।
भक्तसदा सुख संपत्ति भर दो।

# गड़े मुर्दे उखाड़ने से बहुत कुछ होता है


कृष्ण कुमार निर्माण

लोकतंत्र में सबको आजादी है।इसलिए कोई कुछ भी करे,कुछ भी कहे,कैसे भी रहे,कुछ खाए,कुछ पीए,जिसकी मर्जी पूजा-अर्चना करे और जहाँ उसका मन करे,वहाँ करें क्योंकि याद रखो भाई यह लोकतंत्र है और लोकतंत्र सबको आजादी का प्रमाणपत्र देता है?अतः गड़े मुर्दे भी उखाड़े जा सकते हैं और हम तो कहते हैं कि गड़े मुर्दे उखाड़ने ही चाहिए क्योंकि देखो बोलने वालों का तो अपना अंदाज है?कह देंगे कि अरे भाई!गड़े मुर्दे उखाड़ने से क्या फायदा होगा?कुछ नहीं मिलता ऐसे काम करने से?पर ऐसा कहने वाले जरा अपने गिरेबान में झाँके क्योंकि गड़े मुर्दे उखाड़ने से बहुत कुछ मिलता है।सबसे पहले तो यही मिलता है कि गड़े मुर्दे उखाड़े गए यानि कि.. जब गड़ा मुर्दा उखाड़ा गया,तो वह मिला कि नहीं?और यह तो ऐसा काम है जो कइयों को मुफीद होता है,कइयों को काम दिलाता है।अब देखो ना!पहला काम तो बैठे ठाले उसी को मिला जिसने गड़े मुर्दे उखाड़े क्योंकि बेचारा बिना काम के बेरोजगार बैठा था,सो उसे काम मिला और ऐसे तमाम लोगों की बेरोजगारी बिना किसी पर्ची-खर्ची के दूर हो गई और जिसने भी गड़े मुर्दे उखाड़े,उसे बैठे ठाले प्रसिद्धि मिली,सो अलग।अब आगे देखिए जनाब!जैसे ही गड़े मुर्दे उखड़े/उखाड़े गए,तैसे ही तमाम भोंपू वालों को काम मिल गया,जिनको कोई विषय नहीं सूझ रहा था,उन्हें न केवल विषय सुझा बल्कि दिव्य दृष्टि मिली कि अरे!इस पर तो अच्छी-खासी बहस हो सकती है और लगे बहस-पर-बहस करने-करवाने,टीआरपी उछलने लगी और साथ ही भोंपू बजाने वाले उछलने लगे कि देखो!ये क्या हो रहा है देश में?क्या हम अपना अगला-पिछला न जानें?क्यों ना जाने?क्या हमें लोकतंत्र में आजादी नहीं है आदि-आदि।और साहब!गड़े मुर्दे उखाड़ने से बेरोजगारी मिटती है।अब देखो ना!जैसे ही गड़े मुर्दे उखड़े कि पुलिस को काम मिल गया वरना बैठे-बैठे थुलथुल हुए जा रहे थे और आनन-फानन में जहाँ-जहाँ गड़े मुर्दे उखाड़े गए,वहाँ-वहाँ उनकी तैनाती कर दी और वह भी शिफ्टों के हिसाब से ताकि जितना गड़ा मुर्दा उखाड़ लिया गया है,वह तो उखाड़ ही लिया गया है,बस बाकी ना उखाड़ा जाए क्योंकि गड़ा मुर्दा आखिर जितना उखाड़ा जाएगा,उतना ही .....वो सब कुछ होगा,जो गड़े मुर्दे उखाड़ने वाला चाहता है।खैर,जिनको प्रदर्शन करके खुद को आगे लाने का शौक है,उन्हें काम मिल गया और लगे नारेबाजी करने और साहब छा गए अखबारों में...बेचारा गड़ा मुर्दा यह सोचकर हैरान कि अरे भाई लोगों,मुझे उखाड़ तो लिया,याब और कितना उखाड़ोगे लेकिन जिन्हें लोकतंत्र की आजादी को मनाने का शौक चढ़ा हो,वो लोग कहाँ मानने वाले होते हैं?लगे हुए हैं गड़े मुर्दे उखाड़ने और ऐसे-ऐसे लोग लगे हैं गड़े मुर्दे उखाड़ने,जो छठी कक्षा में ही पाँच बार फेल होकर स्कूल को टाटा-बाय बोल चुके हैं।गड़े मुर्दे उखाड़ने से इतिहासकारों को मुँह खोलने का मौका मिला,वरना बेचारों को कौन पूछता था?एक कोने में पड़े थे,गड़े मुर्दों की तरह।और तो और अपनी संसद में बैठने माननीयों को काम मिल गया क्योंकि मूल विषयों पर कोई विचार-विमर्श करना इनके बस का खेल नहीं लेकिन गड़े मुर्दों पर विचार-विमर्श करना इनके बाएं हाथ का खेल है और जब भी संसद के पटल पर गड़े मुर्दे उखाड़ने का विषय आया,तब-तब जमकर बहस हुई और काम तो उन लोगों को भी मिला जो तोड़-फोड़ के जबरदस्त शौकीन हैं,जिन्हें एक दो गाड़ी जलाने के बाद ही नींद आती है,सो जैसे ही गड़े मुर्दे उखाड़े जाते हैं,तैसे ही ऐसे लोगों की बाँछे खिल जाती हैं और सक्रिय हो जाते हैं।अतः यह कहना कि गड़े मर्दे उखाड़ने से क्या होता है?तो जनाब यह नितांत तथ्यहीन बात है जबकि सत्य तो यह है कि गड़े मुर्दे उखाड़ने से बहुत कुछ होता है।इसलिए जब भी समय मिले या ना मिले मगर गड़े मुर्दे उखाड़ते रहिए।आखिर लोकतंत्र में आजादी है साहब।

# आधी-अधूरी खुशी


विजय गर्ग

हाल में जारी हैप्पीनैस इंडेक्स में भारत की स्थिति में कुछ सुधार की बात तो जरूर सामने आयी है,लेकिन हमारी खुशी के सूचकांक को यूक्रेन, फिलीस्तीन, नेपाल व पाक से पीछे बताना गले नहीं उतरता। खुशी के मानक निर्धारण के जो पैमाने पश्चिमी देशों द्वारा इस्तेमाल किये जाते हैं, उनकी विश्वसनीयता व तार्किकता को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। निस्संदेह, हमारा देश दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। हमारी प्रगति की राह पर सदियों की गुलामी के दंश अभी पूरी तरह मिटे नहीं हैं। निस्संदेह, देश में गरीबी है, बेरोजगारी बढ़ी है, महंगाई है, सामाजिक सुरक्षा में पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है। लेकिन तबाह हो चुका फिलीस्तीन, युद्ध में बर्बाद यूक्रेन व दुनिया में मदद मांगता फिरता पाकिस्तान खुशी के मामले में हम से आगे नहीं हो सकते। भले ही देश में आर्थिक विषमता हो, पूंजी का केंद्रीयकरण चंद हाथों में हो, लेकिन इसके बावजूद हम दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती आर्थिकी हैं। लेकिन इसके बावजूद दर्शाए खुशी के सूचकांक सरकारों को आईना दिखाते हैं कि हर नागरिक की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो, उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो, सामाजिक सुरक्षा मिले, काम के अवसर मिलें। मंथन हो कि हमारी रीति-नीतियों में कहां खोट रह गयी कि हम कथित खुशी के सूचकांक में गरीब मुल्कों के पीछे दर्शाए जा रहे हैं। हर राष्ट्रवादी व्यक्ति को ये बात चुभती है कि उसका देश खुशी के मानकों में पिछड़े देशों से भी क्यों पिछड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि फिनलैंड को दुनिया का सबसे खुश देश बताया जा रहा है। इसी कड़ी में डेनमार्क व स्वीडन भी हैं। ये विकसित देश भारत के एक शहर जितनी आबादी वाले देश हैं।



## कृष्णा चौहान

### बचपन का जमाना

**कविता**

वो बचपन का जमाना,
बहुत ही प्यारा था।
ना कोई फिक्र था,
ना कोई चिंता था।

स्कूल से आने के बाद,
दोस्तों के साथ खेलते थे।
मां के डॉट के बाद भी,
हम मुस्कुराते थे।

गीली डंडा और बाटी,
लुका छिपी खेलते थे।
मिट्टी में खेलते थे,
धूल मिट्टी में सने होते थे।

कागज का नाव बनाते थे,
वर्षा के पानी में खेलते थे।
पतंग हम बनाते थे,
आसमान में उड़ाते थे।

कागज का चोर पुलिस,
खेलना अच्छा लगता था।
खो कबड्डी क्रिकेट कैरम,
हम खेलते थे।

बचपन कितना सुंदर था,
दोस्तों के साथ खेलते थे।
काश बचपन के दिन,
फिर लौटकर आते।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नैतिक पतन के चलते खतरे में इंसानी रिश्ते

समाज में बढ़ते अपराधों को देखकर ऐसा लगता है कि इंसानियत, सहनशीलता और प्रेम धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं। लेकिन अगर परिवार, समाज और सरकार मिलकर सही कदम उठाएँ, तो इस गिरावट को रोका जा सकता है। पारिवारिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने के लिए माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए, उन्हें नैतिक शिक्षा देनी चाहिए और सही-गलत का फर्क.समझाना चाहिए। तनाव, अवसाद और गुस्से से जुड़ी समस्याओं को नजरअंदाज न किया जाए। जरूरत हो तो थेरेपी और काउंसलिंग को अपनाया जाए। अपराधियों को कड़ी सजा मिले और कानूनी प्रक्रिया तेज हो, ताकि अपराधियों में डर बना रहे। सकारात्मक कहानियों और नैतिकता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे समाज में अच्छे मूल्यों की प्रेरणा मिले। स्कूलों में नैतिक शिक्षा, सहानुभूति और सामाजिक मूल्यों पर जोर दिया जाए। समाज में नैतिकता और इंसानियत बनाए रखने के लिए हम सबको अपनी ज़िम्मेदारी निभानी होगी। यह केवल सरकार या कानून का काम नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर बदलाव लाने की जरूरत है। घोर कलयुग के इस समय में भी अगर हम अपने कर्मों को सही दिशा में रखें, तो यह अंधकार थोड़ा कम हो सकता है। समाज में नैतिकता और इंसानियत बनाए रखने के लिए हमें खुद से शुरूआत करनी होगी। हम केवल सरकार और कानून व्यवस्था को दोष नहीं दे सकते, बल्कि हमें अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में बदलाव लाने होंगे। घोर कलयुग के इस समय में भी यदि हम अपने कर्मों को सही दिशा में रखें, तो समाज में अच्छाई का पुनर्जागरण संभव है। हमें यह तय करना होगा कि हम इस अंधकार में खो जाना चाहते हैं, या फिर अपने प्रयासों से रोशनी की एक नई किरण लाना चाहते हैं।


डॉ सत्यवान सौरभ

समाज में कितना पतन बाकी है? यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है? महिला ने जेठ के साथ मिलकर अपने दो वर्ष के बेटे को मरवा दिया। पत्नी ने प्रेमी सँग मिलकर मर्चेंट नेवी मे अफसर पति के टुकड़े-टुकड़े किये। पिता ने नौकर से अपने बेटे की हत्या करवायी। माँ, बाप, भाई, दोस्त, पार्टनर को मारने की खबरें आम हैं। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। अपराध और नैतिक पतन की ये घटनाएँ यह दशार्ती हैं कि कहीं न कहीं हमारी सामाजिक संरचना, पारिवारिक मूल्य और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर संकट है। लेकिन यह भी ध्यान देने की बात है कि नकारात्मक घटनाएँ समाचारों में ज्यादा दिखाई देती हैं, क्योंकि वे लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। समाज में आज भी बहुत से लोग हैं जो प्रेम, सहयोग और नैतिकता से भरे हुए हैं। हमें जरूरत है कि हम अच्छाई को भी उतना ही महत्त्व दें और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। इस पतन के कारणों को समझकर समाधान निकालना जरूरी है—परिवारों में संवाद बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, नैतिक शिक्षा को मजबूत करना और अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठाना। हमें यह भी सोचना होगा कि हम किस तरह के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा समाज बना रहे हैं। समाज के पतन को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन हम सब मिलकर इसे धीमा कर सकते हैं और सही दिशा में मोड़ सकते हैं। आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नजर डालते हैं, तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की खबरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक सम्बंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएँ धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं। हत्या, विश्वासघात, स्वार्थ, लालच और नैतिक पतन की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। यह देखकर ऐसा लगता है कि समाज एक अंधकारमय दौर की ओर बढ़ रहा है। यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। समाज में जिस तरह से नैतिक पतन बढ़ रहा है, वह केवल अपराधों की संख्या नहीं बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का संकेत भी देता है। समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहाँ रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी और दोस्तों के बीच भी आजकल स्वार्थ और लालच हावी होता जा रहा है। परिवार, जो पहले प्रेम और सहयोग का केंद्र हुआ करता था, अब झगड़ों और आपसी मतभेदों का शिकार बनता जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट और धोखाधड़ी जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। परिवार के सदस्य तक एक-दूसरे के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी का शोषण ही क्यों न करना पड़े। पहले लोग जीवन में धैर्य रखते थे, कठिनाइयों को सहन करते थे, लेकिन आजकल गुस्सा और अधीरता लोगों पर हावी हो गई है। छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप लेने लगे हैं। धर्म केवल दिखावे का साधन बनता जा रहा है, जबकि नैतिकता और ईमानदारी की कीमत घटती जा रही है। लोग दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं लेकिन खुद सही राह पर नहीं चलते। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहाँ बुजुर्गों का मार्गदर्शन रहता था। लेकिन अब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों में कमी आ रही है। आर्थिक दबाव, रिश्तों में तनाव और व्यक्तिगत इच्छाओं के टकराव से लोग मानसिक रूप से अस्थिर हो रहे हैं, जिससे वे गलत फैसले लेते हैं। इंटरनेट पर हिंसा, अपराध और अनैतिकता को कहीं न कहीं सामान्य बना दिया गया है। लोग बिना सोचे-समझे चरम कदम उठा लेते हैं। स्कूलों और परिवारों में बच्चों को सही और गलत का फर्क.कम सिखाया जा रहा है। लालच, ईर्ष्या और व्यक्तिगत स्वार्थ बढ़ रहे हैं। अपराधी जानते हैं कि सजा मिलने में देरी होगी या बचने का रास्ता मिल जाएगा, जिससे अपराधों की संख्या बढ़ रही है। समाज में जो घटनाएँ हो रही हैं, उन्हें देखकर यही लगता है कि हम घोर कलयुग के दौर में प्रवेश कर चुके हैं। जहाँ पहले रिश्ते, प्रेम, सम्मान और नैतिकता को महत्त्व दिया जाता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच, क्रोध और हिंसा हावी होते जा रहे हैं।

# विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने फूंका अखिलेश यादव का पुतला



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा कन्नौज में गौ माता पर दिए बयान को लेकर देश भर में उनके बयान की घोर निदा की जा रही है। धर्म की नगरी मथुरा में भी गौ भक्त और धार्मिक लोगो में इनके बयान पर उबाल है और उनके द्वारा दिए गए बयान की लोग कड़ी निंदा कर रहे है। अखिलेश यादव के बयान का विरोध करते हुए आज हिंदूवादी संगठन विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के द्वारा मथुरा की हृदय स्थली होलीगेट पर सैकड़ों कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ अखिलेश यादव मुदार्बाद के नारे लगाने के साथ साथ अखिलेश यादव का पुतला फूंका। और अखिलेश यादव के द्वारा दिए गए बयान की घोर निदा की। इस मौके पर उमाकांत विभाग संगठन मंत्री, कन्हैया लाल अग्रवाल महानगर अध्यक्ष विहिप, रणवीर सिंह जिला अध्यक्ष विहिप, गोकुलेश गौतम महानगर मंत्री, योगेश गौतम जिला मंत्री, मोहित नौहवार महानगर बजरंग दल संयोजक, राम तोमर जिला संयोजक बजरंग दल, बी एल पांडेय जिला प्रचार प्रसार प्रमुख आदि लोग मौजूद रहे।

# संस्कृति विभाग द्वारा भेजे गए वाद्य यंत्रों को ग्राम पंचायत को कराया गया उपलब्ध

वेलकम इंडिया



**अमेठी।** ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय लोक कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन, प्रशिक्षण, प्रस्तुतीकरण एवं गुरु-शिष्य परंपरा के निर्वहन हेतु संस्कृत विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा लोक कलाकार वाद्य यंत्र योजना संचालित की गई है जिसके अंतर्गत जनपद के प्रत्येक ब्लॉक की एक ग्राम पंचायत को वाद्य यंत्र का एक-एक सेट जिसमें (हारमोनियम, ढोलक, झींका, मंजीरा तथा घुंघरू) का वितरण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा 8 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को वाद्य यंत्र का सेट वितरित किया गया। जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा प्रथम चरण में जनपद के प्रत्येक ब्लॉक की एक-एक ग्राम पंचायत को वाद्य यंत्र का एक-एक सेट वितरित किए जाने के निर्देश दिए गए थे जिसके क्रम में जनपद के प्रत्येक ब्लॉक की एक-एक ग्राम पंचायत को चयनित करते हुए वाद्य यंत्र उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि सेवा, सुरक्षा व सुशासन के 8 वर्ष के अवसर पर डीपीआरसी गौरीगंज में आयोजित विकास उत्सव कार्यक्रम में 5 ग्राम पंचायतों को वाद्य यंत्र उपलब्ध कराया जा चुका है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह में डीएम ने 68 ग्राम प्रधानों गाँधी की सिल्वर की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया



वेलकम इंडिया

**हाथरस।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में न्यू कलेक्ट्रेट हाथरस के सभागार कक्ष में विश्व टीबी दिवस के उपलक्ष में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि वर्ष 2024 में जनपद हाथरस की कुल 70 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया है। 68 ग्राम प्रधानों को जिलाधिकारी द्वारा गाँधी जी की कांस्य प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किये गये एवं वर्ष 2023 में कुल 9 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हुयी थी जिनमें से दो ग्राम पंचायतें में पुनः वर्ष 2024 में भी कोई टीबी का नया टीबी रोगी नहीं निकला अतः जनपद की बहादुरपुर देवकरन एवं बहटा ग्राम पंचायतों के प्रधानों को गाँधी जी की सिल्वर की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पाँच टीबी रोगियों को पोषण किट देकर गोद लिया गया। 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान में गोद लेने वाले कपिल अग्रवाल, दिनेश सरदाना, दीप्ती वार्ष्णेय एवं मनीषा गुरु मंगलामुखी निक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्द्धन किया गया। टीबी रोगियों को गोद लेने के लिये अन्य व्यक्ति भी निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को गोद लेकर उनका जीवन सफल बनायें। सभागर में उपस्थित समस्त ग्राम प्रधानो को जिलाधिकारी ने जनपद की अन्य ग्राम पंचायतों के लिये प्रेरणा स्रोत बताया गया कि जिस तरह आपने अपनी ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त कराया है ठीक उसी तरह जनपद के अन्य ग्राम प्रधान भी अपने क्षेत्र को टीबी (क्षय) रोग मुक्त करायें। जिससे टीबी बीमारी का उन्मूलन हो। इस अवसर पर डा० मनजीत सिंह मुख्य चिकित्साधिकारी एवं डा० रितु गुप्ता उप-जिला क्षय रोग अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षा और संस्कृति का भव्य संगमः शैक्षणिक उत्कृष्टता समारोह संपन्न

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** अकबरपुर हाइवे स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक उत्कृष्टता समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में शिक्षा, कला और संस्कृति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के तिलक एवं बैज से स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात पारंपरिक दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। विद्यालय के छात्रों ने 'चौक पुराओ' गीत प्रस्तुत कर वातावरण को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विशेष अतिथियों का सम्मान किया गया। इसके बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सावन कुमार खन्ना ने प्रेरणादायी संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। छात्रों द्वारा प्रस्तुत डिस्को डांस, सेमी-क्लासिकल नृत्य और ब्रज नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं पंजाबी नृत्य और लावणी की प्रस्तुतियों ने समारोह में उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा द्वितीय से पंचमी तक के मेधावी छात्रों को 'अकादमी उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। साथ ही 'इंस्पायर अवॉर्ड्स' के विजेताओं को भी मंच पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कवि दिनेश रघुवंशी एवं डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए। प्रो-वाइस चेयरमैन श्री एस पी लाल ने भी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों के लिए सबसे विशेष क्षण 'ग्रेजुएशन सेरेमनी' रहा, जिसमें उन्हें भावी यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

इसके बाद विदिशा और जीविशा ने कक्षा प्रेप की ओर से मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन ग्रैंड फिनाले के साथ हुआ। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने मिलकर अद्भुत प्रस्तुति दी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ यह भव्य समारोह संपन्न हुआ। दिल्ली पब्लिक स्कूल मथुरा इस अवसर पर सभी छात्रों, अभिभावकों और अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त करता है।

# भूमि पूजन एवं हवन से शुरू हुआ नवसंवत्सर मेला



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** नवसंवत्सर 2082 की पूर्व संध्या पर नववर्ष मेला समिति मथुरा के तत्वावधान में आयोजित नववर्ष मेला आज शनिवार को सेठ बी०एन० पोद्दार इंटर कॉलेज में भूमि पूजन, हवन-यज्ञ और वेद मंत्रोच्चारण के मध्य विधिवत रूप से शुरू हो गया।

इस अवसर पर यजमान के रूप में नववर्ष मेला समिति के उपाध्यक्ष यादवेंद्र अग्रवाल पत्नी अंजना अग्रवाल सहित महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने हवन में पूर्ण आहुतियां दी। हवन पं० श्यामू चतुर्वेदी ने वेद मंत्रों से कराया। हवन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। हवन में आरएसएस महानगर कार्यवाह विजय बंटा, आचार्य ब्रजेन्द्र नागर, मंत्री योगेश उपाध्याय आवा, डा० दीपा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष गंगाधर अरोड़ा, मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा, हरस्वरूप यादव, पंकज शर्मा, तरुण नागर, नयन शर्मा, लक्ष्मण पाल, यतीन्द्र सिसोदिया आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# दया व करूणा है धर्म का मूल और सार : रणधा

वेलकम इंडिया



**बाड़मेर 29 मार्च 2025।** गर्मी की सीजन आते ही हर प्राणी को जल की कुछ ज्यादा ही आवश्यकता होती है। ऐसे में पशु-पक्षियों को भी हलक तर करने के लिए जगह-जगह भटकना पड़ता है। इस दुविधा को दूर करने को लेकर जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से वृहद् स्तर पर परिण्डा अभियान चलाया जा रहा है। जिस कड़ी में शनिवार को वरिष्ठ नागरिक धनराज जैन, श्री माजीसा धाम के अध्यक्ष स्वरूपचन्द संखलेचा रणधा एवं जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर के अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन सहित गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में माजीसा धाम, जूना केराडू मार्ग के आगे पेड़ों पर मिट्टी के परिण्डे लगाएं गए। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि संस्थान की ओर से जन-सहयोग से जीव दया व पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसके तहत इन दिनों पंछियों की जल सेवा में परिण्डे व पशुओं की जल सेवा में जल कुण्डी लगाई जा रही है। शनिवार को श्री माजीसा धाम, जूना केराडू मार्ग व नन्दी गौशाला में मिट्टी के परिण्डे लगाएं गए। माजीसा धाम अध्यक्ष स्वरूपचन्द संखलेचा रणधा ने कहा कि प्राणीमात्र की सेवा व कल्याण ही मानव का सबसे बड़ा धर्म है। जीवों के प्रति दया व करूणा का भाव ही धर्म का मूल व सार है। रणधा ने कहा कि हमें अपने जीवन का कुछ समय निकाल कर सृष्टि के उन्नयन व कल्याण को समर्पित करना चाहिये।

# डॉक्टर जुबीन नेशनल अचीवर्स अवार्ड 2025 से सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** दिल्ली वजीरपुर स्थित पाँच सितारा रजवाड़ा रियासत होटल में आई डी एफ के तत्वाधान आयोजित समारोह में कस्बा शाहजहांपुर निवासी स्वर्गीय डाक्टर शफीक के पुत्र यूनानी चिकित्सक डॉक्टर जुबीन खान को ,नेशनल अचीवर्स अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया।प्रोग्राम में लगभग 100 से अधिक विभूतियों को विभिन्न बीमारियों के सफल स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिये चुना गया था।इसी क्रम में डॉक्टर जुबीन को यह अवार्ड स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिये फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने प्रदान किया।मेरठ के कस्बा शाहजहांपुर में शफीक हेल्थ केयर क्लिनिक संचालक एंव वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी से बी यू एम एस डिग्री प्राप्त डॉक्टर जुबीन खान ने ग्रामीण क्षेत्र में चिकन पॉक्स औ? टाइफाइड (मोतिझारा) जैसी घातक बीमारी में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दीं हैं।

# हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग, भगतपुर-टाण्डा के संयुक्त तत्वावधान में हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम का भव्य आयोजन ब्लॉक परिसर भोजपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी अमर सिंह एवं खंड शिक्षाधिकारी मनोज कुमार बोस ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर ब्लॉक की छह न्यायपंचायतों से 30 निपुण बच्चों को अध्ययन किट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही खेलों में प्रदेश स्तर पर मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों और उनके शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त शत-प्रतिशत अपार आईडी का कार्य पूर्ण करने वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक के पांचों एआरपी वसीम राजा, सुभाष चंद्र, मोहम्मद अनीस, सुरेंद्रपाल सिंह और सतवीर सिंह को उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बीडीओ अमर सिंह ने बाल वाटिका एवं प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया। वहीं, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने कार्यक्रम के आयोजन को स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करना है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग पर तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए शामली के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में घायल की बहन ने पिकअप चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

हरियाणा के करनाल निवासी आरती ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि भाई सागर पुत्र विनोद निवासी ग्राम नौरता थाना ईन्द्री जिला करनाल अपनी बाइक पर सवार होकर बहन के घर आ रहा था। पीड़ित बाइक सवार जब अपनी बाइक से कैराना मार्ग गांव आल्दी के पास आया तो पिछे से आ रहे महेन्द्रा पिकअप चालक ने तेज रफ्तार अनियंत्रित गाड़ी चलाते हुए बाइक सवार भाई को पीछे से टक्कर मार दी।

# अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों के साथ मारपीट

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर एवं क्षेत्र में अलग-अलग दो लोगों के साथ मारपीट हो गई मारपीट में दोनों लोग घायल हो गए घायलों ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। नगर के सलेमपुर रोड निवासी सोहिल पुत्र याकूब ने बताया कि कस्बे के गंगेरू मार्ग पर वह एक दुकानदार के यहां सब्जी खरीदने के लिए गया था आरोप है कि मोलभाव करने के दौरान आरोपी दुकानदार पीड़ित पर आग बबूला हो गया और अपने पुत्र के साथ मिलकर पीड़ित के साथ लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। दूसरी और गांव नाला निवासी अमरपाल ने बताया कि उसका पुत्र शुभम गांव के स्कूल में पढ़ाई करने के लिए गया था आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति ने उसके पुत्र को बहला फुसला लिया और अपने साथ गन्ना बुवाई करने के लिए खेत पर ले गया। जब उसका पुत्र बीच में ही वापस घर आ गया तो आरोपी ने घर पर आकर उसके पुत्र के साथ मारपीट करने लगा जब पीड़ित छुड़ाने लगा तो आरोपी ने उसके साथ भी लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल व्यक्ति की मौत, अभियोग दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के एलम बाईपास के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था।घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। घटना के संबंध में पीड़ित पिता ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। शामली शुगर मिल कर्मी ओंकार पुत्र चरण सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 30 वर्षीय लडका दीपक दिल्ली नौकरी करता है। गत 22 मार्च की सायं को दिल्ली से अपनी डयूटी करके शामली घर आ रहा था। जब वह क्षेत्र के एलम तिराहे पर पहुँचा तो सामने से एक अज्ञात वाहन जो बड़ी तेजी व लापरवाही से गाडी चला रहा था।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की जिला टास्क फोर्स की दूसरी बैठक आयोजित

**वेलकम इंडिया**




**लखनऊ।** जनपद में एक से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। इसी क्रम में जिला टास्क फोर्स की दूसरी बैठक शनिवार को जिलाधिकारी विशाख के निर्देशन में जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) ने ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत राज विभाग को तथा शहरी क्षेत्र में नगर निगम को फॉगिंग करने के निर्देश दिए।

डीडीओ ने डीपीआरओ को निर्देश दिए कि अमृत सरोवर योजना के तहत आने वाले सभी सरोवरों में जिनमें पूरे साल पानी भरा रहता है, वहां पर लार्वा भक्षी गम्बूजिया मछली डालना सुनिश्चित करें। इसके लिए उन्होंने संस्था फैमिली हेल्थ इंडिया-एंबेड परियोजना को सहयोग करने को निर्देशित किया । अभियान को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने दी।उन्होंने बताया कि 15 दिन तक यदि बुखार है, पेट बड़ा हो और भूख कम हो गई हो तो उसे कालाजार के संभावित रोगी के तौर पर एड करें। जिला टास्क फोर्स (डीटीएफ) और ब्लॉक टास्क फोर्स (बीटीएफ) की बैठक हो चुकी है। ग्राम प्रधानों का, पंचायत सहायक और ग्राम विकास अधिकारियों का प्रशिक्षण हो चुका है।

आशा और आंगनबाड़ी कार्यकताओं का प्रशिक्षण चल रहा है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा एवं राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. गोपीलाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी पी.के. श्रीवास्तव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी, जिला पंचायती राज अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीण सीएचसी के अधीक्षक , स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, जिला मलेरिया इकाई के सदस्य, अन्य सहभागी विभागों के प्रतिनिधि विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, पाथ, फैमिली हेल्थ इंडिया -एंबेड, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## प्रतिनिधि मंडल एसडीएम कार्यालय नगीना पहुंचा जहां पर नायब तहसीलदार नगीना को माननीय राष्ट्रपति ज्ञापन दिया

**बिजनौर।** संयुक्त किसान मोर्चा के आव्हान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में आज दिन के 1:00 बजे प्रतिनिधि मंडल एसडीएम कार्यालय नगीना पहुंचा जहां पर नायब तहसीलदार नगीना को माननीय राष्ट्रपति भारत सरकार नई दिल्ली और महामहिम गवर्नर पंजाब सरकार चंडीगढ़ को संबोधित मांग पत्र प्रेषित किये मांग पत्र में पंजाब सरकार के द्वारा किसानों पर पुलिस दमन रोकने लोकतांत्रिक अधिकारों की बहाली और जो किसने के ट्रैक्टर ट्रालियां उनके उपकरण चोरी हुए हैं या तोड़े गए हैं उन सब का मुआवजा पंजाब सरकार दे महामहिम राज्यपाल पंजाब चंडीगढ़ को यह ज्ञापन दिया गया।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने वर्ष प्रतिपदा उत्सव पर आयोजित किया पथ संचलन



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ।** कुंडा मे हिन्दू नववर्ष की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कुण्डा नगर के गजराज पैलेस में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में बौधिक प्रांत प्रचारक प्रमुख रामचंद्र ने दिया। आद्य सर संघ चालक प्रणाम के पश्चात? उत्सव प्रारम्भ हुआ। डाक्टर हेडगेवार जी के जीवन चरित्र की प्रेरणा से प्रेरित होकर सभी स्वयंसेवक अपने जीवन में स्वयं सेवकत्त को अंगीकार कर राष्ट्र जीवन में उसका प्रकटीकरण करें। यही हम सब की इस उत्सव में उपस्थिति की सार्थकता होगी। बौधिक के पश्चात? स्वयंसेवकों ने कुण्डा नगर में पथ संचलन किया। गजराज पैलेस से प्रारम्भ होकर गांधी नगर, तहसील गेट, डाक घर, रोडवेज बस अड्डा, अस्पताल तिराहा, तिलौरी मोड़, बिहार रोड़, वैष्णो कालोनी, कबरियागंज, मेन चौराहा, सरयू नगर, भगवन तिराहा, कुण्डा कोतवाली से गजराज पैलेस पर समापन हुआ। जगह-जगह कार्यकताओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई। कार्यक्रम में जिला संघचालक देवेन्द्र, नगर संघचालक अशोक, जिला प्रचारक सतीश, विक्रम, शशि भूषण, विनोद, कौशल, अंकित, अनिल, राम दुलारे, सौरभ, मुनीश, अभिषेक, चन्द्र भान, राजन, अंबुज आदि रहे।

## परिषदीय विद्यालय में परीक्षाफल पाकर बच्चों के चेहरे खिले

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर/** ब्लॉक पहासू शनिवार बेसिक शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्राथमिक विद्यालय कमौना- 2 में खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में समस्त छात्र-छात्राओं को परीक्षा फल वितरण किया गया मेधावी छात्रों को शील्ड व मेडल प्रदान करके खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्त छात्र छात्राओं के लिए अपने संबोधन में कहा कि 1 अप्रैल2025 से समस्त विद्यालयों में निशुल्क पुस्तक उपलब्ध करा दी जाएगी तथा स्कूल चलो अभियान के तहत प्रत्येक गांव के 6 से 14 आयु वर्ग के सभी बच्चों का सत प्रतिशत नामांकन किया जाएगा इस मौके पर विद्यालय प्रभारी तथा अर्पणा सिंह प्रेरणा चौहान, मायावती एवं सम्मानित अभिभावक गण व समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रकाशवती मदनलाल शर्मा छात्र प्रतिभा सम्मान से नवाजे गए छात्र-छात्राएं !

**वेलकम इंडिया**



**रुड़की**–अमर शहीद जगदीश प्रसाद वत्स स्मारक विद्यालय खजुरी अकबरपुर के चार छात्र छात्राओं को प्रकाशवती मदनलाल शर्मा प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया है ।विद्यालय प्रबन्धक गुरुदत्त वत्स व प्रधानाचार्य शालिनी कौशिक की संस्तुति पर विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार श्रीगोपाल नारसन ने कक्षा 8 के छात्रा अवंतिका,कक्षा 7 की छात्रा लविस,कक्षा 6 की छात्रा रॉक्सी तथा अनुशासन के क्षेत्र में प्रथम रहे रिहान को सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र व प्रत्येक छात्र-छात्रा को एक एक हजार रुपये प्रदान किये गए ।इस अवसर पर स्कूल की ओर से आयोजित स्कूल चलो अभियान के तहत साक्षरता रैली भी निकाली गई। प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवम वरिष्ठ साहित्यकार श्रीगोपाल नारसन,विद्यालय प्रबंधक गुरुदत्त वत्स व प्रधानाध्यापिका शालिनी कौशिक पुरुस्कृत छात्र -छात्राओं को बधाई दी ।अपने सम्बोधन मे मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार श्रीगोपाल नारसन ने कहा कि उनकी माता श्रीमती प्रकाशवती व पिता मदन लाल शर्मा शिक्षा के प्रति जागरूक थे और उन्ही की प्रेरणा से वे तथा उनके भाई बहन पढ़ पाये इसीलिए वे अपने माता पिता की सोच को आगे बढ़ाने के लिए ही उनकी याद मे प्रति वर्ष दो विद्यालयो मे आठ बच्चों को यह सम्मान देते है ।इस सम्मान का उद्देश्य माता-पिता के प्रति समर्पण भाव व सर्वसमाज के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है ।इस अवसर पर बच्चों को अमर शहीद जगदीश वत्स की देश के लिए किये गए बलिदान की भी जानकारी दी तथा प्रथम प्रधानाध्यापक पंडित ताराचंद वत्स के आजादी के आंदोलन में योगदान की भी चर्चा की गई ।विद्यालय प्रबन्धक गुरुदत्त वत्स ने वार्षिक परीक्षा में सफल हुए सभी बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें चरित्र निर्माण के प्रति प्रेरित किया ।कार्यक्रम मे इसी विद्यालय के अध्यापक रहे महावीर सिंह संजय कुमार,प्रवीण कुमार,रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## अंचल अड़जरिया पर हमला, एमएलसी ने लिया हाल चाल

**वेलकम इंडिया**



**झांसी।** हिंदू संगठन के नेता अंचल अड़जरिया पर अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस बल पहुंचा और घायल अवस्था में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के मुताबिक हिंदू संगठन राष्ट्रभक्त संगठन सहित कई समाज सेवी संगठनों में पदाधिकारी का दायित्व निभा रहे अंचल अड़जरिया ने घायल अवस्था में बताया कि वह शुक्रवार की शाम करीब आठ बजे सीपरी बाजार स्थित मां लहर की देवी मन्दिर पर आयोजित बैठक में शामिल होकर अपनी स्कूटी से घर की ओर लौट रहे थे। तभी रास्ते में अंधेरे में अज्ञात वाहन सवारों ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी और फिर उनके साथ मारपीट की। इस घटना में उनका जबड़ा टूट गया। सूचना पर भारी पुलिस बल अंचल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। यहां सूचना पर एमएलसी डॉक्टर बाबू लाल तिवारी भी पहुंचे और उनका हाल चाल जानते हुए पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की।

## क्षेत्र में लग रहे विकास के पंख, मां अवंतिका देवी पर पर्यटन क्षेत्र के लिये स्वीकृत हुए 11.37 करोड़

**वेलकम इंडिया**



**जहांगीराबाद।** नवरात्रियों के पावन दिन शुरू होने जा रहे हैं। इससे पहले क्षेत्र का एक बड़े आस्था का केंद्र आहार स्थित मां अवंतिका देवी क्षेत्र में पर्यटक सुविधाएं बेहतरीन करने के लिए अनूपशहर विधायक संजय शर्मा की मांग पर सरकार ने 11.37 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। लिहाजा, यूपी एनसीआर में पौराणिक स्थलो को चमकाने व बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने यह स्वीकृति दी है। क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष सहायता के तहत एनसीआर बोर्ड ने कुल 85 करोड़ रुपये स्वीकृत किए है। जिसमें से अनूपशहर विधानसभा के आहार क्षेत्र में स्थित पौराणिक स्थल मां अवंतिका देवी स्थल पर पर्यटन सुविधाएं विकसित करने के लिए करीब साढ़े ग्यारह करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। बताया कि पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह द्वारा विशेष अनुरोध पर यह स्वीकृति दी गई है। विदेशी पर्यटन में भी यह उपलब्धि हांसिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी दृष्टिकोण से निरन्तर पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओ का विकास किया जा रहा है। फिलहाल, क्षेत्र के लोगो ने इस गुड़ न्यूज के लिए क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा का आभार व्यक्त किया हैं।

## जिलाधिकारी जसजीत कोर द्वारा महात्मा विदुर सभागार मे राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की बैठक आयोजित हुई



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की बैठक की अध्यक्षता करते हुए वर्ष 2024 में टी0बी0 मुक्त हुई ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को प्रतीक चिन्ह के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने ग्राम प्रधानों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमें जिला बिजनौर को क्षय रोग मुक्त बनाने में और अधिक प्रयास करने होंगे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर की अध्यक्षता में हीआज महात्मा विदुर सभागार में दिनांक 01 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत द्वितीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान पूर्ण गंभीरता एवं निष्ठा के साथ संचालन करने की निर्देश सभी विभाग की अधिकारियों को दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर द्वारा किया गया।

## एसीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित

**वेलकम इंडिया,लईक सैफी**



**टाण्डा जिला रामपुर।** शनिवार को नगर के एसीएम पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक मंगू सिंह ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ दीं।

कक्षा नर्सरी में दृष्टि (प्रथम), ध्वनि रुहेला (द्वितीय), हुमेद अरिफत (तृतीय) एलकेजी में भानवी रुहेला (प्रथम), दृष्टि सैनी (द्वितीय), मो० अरहम (तृतीय) यूकेजी में अरहान (प्रथम), समर (द्वितीय), किंजा नूर (तृतीय) कक्षा 1 नमरा (प्रथम), वानिया नूर (द्वितीय), मौ० अवान (तृतीय) कक्षा 2 में असर अजीम (प्रथम), फातिमा बी (द्वितीय), अश्वनी (तृतीय) कक्षा 3 में अनुराग (प्रथम), अर्थव सैनी (द्वितीय), रिजा परवीन (तृतीय) कक्षा 4 में मुशीर रजा (प्रथम), अदीफा (द्वितीय), सिदरा नूर (तृतीय) इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

## हाई-टी संग संवाद में बागेश्वर में सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर हुआ विचार-विमर्श



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर,**गोविन्द मेहता, सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार शाम विकास भवन सभागार,में विचार-विमर्श एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में बागेश्वर विधायक पार्वती दास, जिलाधिकारी आशीष भटगाईं के समक्ष जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, उद्योगपतियों, काश्तकारों और किसानों के साथ गहन चर्चा की गई ।बैठक में किसानों और काश्तकारों ने अपनी समस्याओं को रखा, जिनमें पर्यटन, कृषि संबंधी सहायता, वन संपदा के उपयोग, नशा मुक्ति, पर्यावरण एवं विपणन से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। चिंतन गोष्ठी के दौरान उद्योगपतियों ने जिले में निवेश और स्वरोजगार को लेकर अपनी राय रखी। कार्यक्रम में हाई-टी के दौरान अनौपचारिक संवाद हुआ, जिसमें विभिन्न विचारों का आदान-प्रदान हुआ ।विधायक पार्वती दास ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या को एक गंभीर मुद्दा बताते हुए इसके समाधान के लिए ठोस रणनीति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, किसानों, उद्यमियों और नागरिकों को उनके बहुमूल्य सुझावों और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने जिले में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला और जनप्रतिनिधियों से फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं उद्यमियों को सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना की।

## मुख्यमंत्री महन्त योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे ऐतिहासिक कार्यः डा हरि सिंह ढिल्लों

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**नजीबाबाद** शिक्षक विधायक ने स्कूल कॉलेजों में जाकर अध्यापक अध्यापको का हाल-चाल जाना बरेली मुरादाबाद खंड शिक्षक क्षेत्र से सदस्य विधान परिषद शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों ने आज नजीबाबाद क्षेत्र के कई स्कूलों कॉलेजों में जाकर अध्यापक अध्यापिकाओं प्रबंध कमेटी के सदस्यों से उनके हाल-चाल एवं प्रदेश सरकार की वर्तमान में संचालित योजनाओं नीतियों के बारे में विचार विमर्श किया ज्ञात हो कि सरदार हरि सिंह ढिल्लों इस क्षेत्र से विधान परिषद के सदस्य हैं वह निरंतर अपने शिक्षक साथियों के संपर्क में रहते हुए समय-समय पर स्कूल कॉलेज में भ्रमण करके शिक्षकों की समस्याओं को सुनकर विधानसभा में उठाकर उनका निराकरण करने का कार्य करते रहते हैं आज शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, सरदार कुलवंत सिंह एडवोकेट, ब्रजराज सिंह एडवोकेट, चौधरी हरेंद्र तोमर के साथ नजीबाबाद क्षेत्र के एन आई आई टी ग्रुप आफ कॉलेज, वालिया ग्लोबल एकेडमी इंटर कॉलेज, सिटी पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज में पहुंचे वहां पर उन्होंने कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाओं से संवाद किया तथा उन्हें बताया कि वे निरंतर विधान परिषद में शिक्षकों की समस्याओं को उठाकर उनका निरीक्षण करने में लगे हैं उनके प्रयास से शिक्षा में अनेक परिवर्तन हुए हैं प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल, वालिया ग्लोबल अकैडमी में प्रधानाचार्य श्याम प्रकाश तिवारी,विनय कौशिक ने शिक्षक विधायक का शाल ओढ़कर एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया एन आई आई टी में डॉ शिवानी चौहान,डॉ नीलावती, मानिक गुप्ता,डॉ नवनीत राजपूत ,डॉ प्रेमचंद राम, डॉ रामकिशोर ,राकेश दत्त शर्मा, वालिया ग्लोबल अकैडमी में प्रधानाचार्य श्याम प्रकाश तिवारी योगेंद्र सिंह, मनवीर सिंह, मा कुमुद कुमार, विनीत राणा, सरिता कपूर, सोनिका कौर, आशुतोष राणा आदि रहे।

# मुखर्जी पुस्तकालय एवं वाचनालय द्वारा हिंदू नव वर्ष महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़** जनपद मेंमुखर्जी पुस्तकालय एवं वाचनालय पिलखुवा के तत्वाधान में विराट हिंदू नव वर्ष महोत्सव बड़े ही धूमधाम से गोयल रीजेंसी पिलखुवा में मनाया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विभु बंसल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पिलखवा रहे ।मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की सर्वप्रथम उपस्थित जनसमूह द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया जो की एक अद्भुत था । जिन स्कूलों की प्रस्तुति मंच पर हुई उनमें सरस्वती शिशु मंदिर पिलखवा, अवाचींन इंटरनेशनल पिलखुआ, नटराज कला संगम, महा सरस्वती जूनियर हाई स्कूल, वेद क्रिएटिव पब्लिक स्कूल, के.एम. एस. इंटर कॉलेज द्वारा बच्चों की देशभक्ति व संस्कृति से उत्प्रोत सामूहिक प्रस्तुतियां दी, बच्चों की सभी प्रस्तुतियां देखते ही बनती थी। कार्यक्रम में नगर से आए अनेक विशिष्ट अतिथियों का मंच पर सम्मान किया गया। नव वर्ष महोत्सव में जादूगर वी सम्राट द्वारा ऐसी जादू की प्रस्तुतियां मंच पर प्रस्तुत की गई की उपस्थित जनसमूह स्तब्ध रह गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित युवाओं द्वारा डांडिया रास कर सभी का भरपूर मनोरंजन किया ।कार्यक्रम संयोजक सुशील अग्रवाल रहे ।कार्यक्रम में विभु बंसल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बी के मित्तल सीए, सुरेश चंद्र, सुशील अग्रवाल, सुधीर गोयल, सुरेश चंद्र गुप्ता, कवि अशोक गोयल, डॉ वागीश दिनकर,विशाल कौशिक, बीना गोयल, सुशील सिंहल, राजपाल शर्मा, विनय कुमार, विपिन अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, अंकित गोयल, वीर सैन बंसल,तरुण बंसल, आशीष, राहुल ,प्रदीप सिंहल रहे आदि अनेक जन उपस्थित रहे।

# सीवर लाइन खराब होने से लोग झेल रहे थे परेशानी, पूर्व भाजपा सभासद प्रत्याशी पीयूष बब्बू ने पालिकाध्यक्षा से कराया निस्तारण



**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** सूचनार्थ अवगत कराना है कई दिनों से वार्ड नंबर 27 लेबर कॉलोनी खंदारी गाड़ी मार्ग पर सीवर लाइन खराब होने के कारण जनता काफी परेशान थी और पढ़ने वाले छात्र एवं कॉलोनी के निवासी बदबूदार गंदे पानी में से निकलकर गुजरने को मजबूर थे कॉलोनी वासियों की शिकायत के आधार पर वार्ड नंबर 27 लेबर कॉलोनी के पूर्व भाजपा सभासद प्रत्याशी पीयूष बब्बू को अवगत कराई गई इनके द्वारा तत्काल हाथरस की सर्वप्रिय नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता चौधरी को बताई गई उन्होंने तत्काल आज दिन रविवार को वार्ड नंबर 27 लेबर कॉलोनी के सुपरवाइजर रवि कुमार को निर्देशित कर नगर पालिका के सीवर डिपार्टमेंट को सूचित कर सफाई कर्मचारी एवं सीवर मशीन को भेजा गया मशीन के द्वारा जल्दी ही कार्य शुरू होने के बाद लोगों को गंदे पानी एवं जलभराव से छुटकारा मिल जाएगा कॉलोनी वासियों के द्वारा बताया गया कि कई बार स्थानीय सभासद को कहा गया लेकिन सभासद अपने निजी कामों में व्यस्त रहते हैं और कभी भी जनता के बीच में नहीं आते हैं जिससे वार्ड नंबर 27 लेबर कॉलोनी में गंदगी का अंबार भी बना हुआ है जगह-जगह सड़क टूटी हुई है कॉलोनी वासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का विशेष आभार एवं धन्यवाद भी किया है शिकायत करने वालों में उमेश चंद्र, संत कुमार, अशोक चक्रवर्ती ,फैसल अली खान, अशोक मल्होत्रा ,सरीम खान ,बॉबी अरोड़ा ,रमेश वार्ष्णेय ,रहे ।

# तौकीर रजा फिर भड़के, बोले जहां चाहूंगा वहां नमाज पढ़ूंगा



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** अपने आग उबलते बयानों के लिए पहचान रखने वाले आला हजरत खानदान के सदस्य व आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां भी सड़क पर नमाज को लेकर हो रही बयानबाजी के बीच कूद पड़े हैं। मौलाना ने शनिवार को कहा कि मैं अपने देश में जहां चाहूंगा वहां नमाज पढ़ूंगा।जब हम पूजा करने से किसी को नहीं रोक रहे तो हमारे मजहबी मामलों में क्यों दखल दी जा रही है। दरअसल मौलाना तौकीर रजा खां ने शनिवार को बरेली के सौदागरान स्थित अपने आवास पर एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया था।जिसमें उन्होंने कहा कि हमारे मजहबी मामलों में दखल देने की कोशिश की गई तो अब इसका जवाब दिया जाएगा। हमें कहीं भी नमाज पढ़ने से नहीं रोक सकते। सरकार की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अब हम अपनी मस्जिदों पर बुलडोजर नहीं चलने देंगे। अब तक जो हुआ व सरासर बेईमानी थी। अगर औरंगजेब ने जो किया वो गलत था तो अब जो हो रहा है वो सही कैसे हो गया। मौलाना ने कहा कि आज गाजा समेत पूरी दुनिया में अफरा-तफरी का माहौल है।वहीं इस सब के साथ हमारे देश की सरकार फिरकापरस्त ताकतों का समर्थन करती है। कब्र तोड़ने के लिए कुछ गुंडे निकलते हैं लेकिन पुलिस उन पर कार्रवाई नहीं करती है, बल्कि बेगुनाह मुसलमानों के साथ मारपीट और उनकी गिरफ्तारी का जाती है। संभल में जो हुआ वो माहौल पूरे देश में बना दिया गया है। मौलाना तौकीर रजा खां ने लोगों से सादगी के साथ ईद मनाने का आह्वान किया। ईद पर नए कपड़े नहीं बनाए जाएंगे। क्योंकि जिन मुस्लिम नौजवानों को कत्ल किया गया है और जेलों में डाला गया है उनके घर में भी ईद नहीं होगी लिहाजा उनके साथ सादगी के साथ ईद मनाएंगे।

# महर्षि गौतम जयंती पर लाल बहादुर सहित एक दर्जन ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को अर्जुन सम्मान से नवाजा गया

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**




**बरेली।** महर्षि गौतम जयंती के उपलक्ष्य पर शनिवार को महारानी लक्ष्मीबाई सरस्वती विद्या मंदिर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर हिंदू नव वर्ष को नव संवत्सर के रूप में भी बनाया जाता है और स्वागत के रूप में विभिन्न साहित्यकारों तथा कवियों ने कविता पाठ भी किया, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मेयर उमेश गौतम के पिता पूर्व कोतवाल के के गौतम तथा मेयर पुत्र पार्थ गौतम शामिल रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे की उपस्थिति प्रमुख रही।

हालांकि इस कार्यक्रम में महापौर उमेश गौतम तथा अर्बन बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार को भी आमंत्रित किया गया था। लेकिन व्यवस्था के कारण इन दोनों के ही कार्यक्रम निरस्त हो गए, कार्यक्रम में जहां महर्षि गौतम के जीवन के बारे में विस्तार से चर्चा हुई वहीं सनातन धर्म अनुयायो से अपील की गई, चैत्र नव संवत्सर पर ही नए वर्ष का स्वागत किया जाए, कार्यक्रम के संयोजक पंडित हरिओम गौतम तथा विशिष्ट अतिथियों द्वारा अर्जुन पुरस्कार से शहर की विभिन्न हस्तियों को सम्मानित किया गया। जिसमें बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक लाल बहादुर गंगवार, महिला उन्नयन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे, साहित्य के क्षेत्र में पंडित इंद्रदेव त्रिवेदी, सांस्कृतिक व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा, अखिल भारतीय गायत्री परिवार के पंडित दिनेश पांडे, नेशनल शूटर देवानी गर्ग, रेखा रानी, गौरी तिवारी, हिमश्री तेज श्री इंद्रभान सक्सेना को मंच पर पटका तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉ नितिन सेठी ने किया। इस अवसर पर यथार्थ गीता ट्रस्ट के योगेश गौतम रमेश मिश्रा सुरेंद्र लाला नरेंद्र शर्मा देवकीनंदन वीरेंद्र गौतम हरीश सूरी आदि सम्मिलित रहे।

# 2 दिन से विद्यालय पर लटका रहा ताला संबंधित अधिकारी बने रहे अनजान

**वेलकम इंडिया**



**ऊंचागांव :** मांडू हसनगढ़ी में स्थित दो दिन से विद्यालय पर ताला लटकने से बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इसकी वजह से बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही है। और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। भले ही उत्तर प्रदेश सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर बच्चों को गांव गांव स्कूल बनाकर बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराकर बच्चों के भविष्य बना रही है। लेकिन दूसरी ओर मांडू हसनगढ़ी स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में शिक्षकों के द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।शनिवार को स्कूल बंद होने की वजह से बच्चों को अपने घर वापस निराश होकर लौटना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार बताया है, कि यह स्कूल भगवान भरोसे ही संचालित किया जा रहा है।वर्तमान में स्थिति यह है कि विद्यालय का खुलने और बंद होने का कोई नियमित समय नहीं है।स्कूल बीते दो दिनों से स्कूल के गेट पर ताला लटका हुआ है।प्रदेश सरकार भले ही बड़े-बड़े दावे बड़ी-बड़ी टेक्नोलॉजी लांच कर रही है लेकिन जब विद्यालय ही नहीं खुलेगा तो यह सब चीज किस काम की एक तरफ प्रदेश सरकार सरकारी विद्यालयों में प्राइवेट विद्यालयों से ज्यादा सुविधा देने की कोशिश कर रही है लेकिन इन सभी की पोल खोल दी है बुलंदशहर के विकास खंड ऊंचागांव के हसनगढ़ी मे स्थित प्राथमिक विद्यालय ने जब इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी गोपाल त्यागी से बात करने की कोशिश की गई तो फोन उठाना उचित नहीं समझा।

# नौकरी के प्रस्ताव पत्र पाकर खुश हुए महाविद्यालय के छात्र



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय शिकारपुर में 18 मार्च 2025 को मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया था जिसमें 12 विभिन्न कंपनी ने भाग लिया था और इस मेगा जॉब फेयर में 150 छात्रों ने भाग लिया था जिसमें चयनित छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित गुप्ता ने उन्हें कंपनी द्वारा ऑफर लेटर दिया।इस अवसर पर प्रचार्य ने बताया 2.5 लाख से लेकर 10 लाख प्रति वर्ष पैकेज का ऑफर छात्रों को मिला है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि अगले सप्ताह भी कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन होने जा रहा है और महाविद्यालय विद्यार्थियों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वचनबद्ध हैं। मेगा जॉब ऑफर के लिए प्राचार्य ने महाविद्यालय के दूरदर्शी प्रबंधक अनुराग गोयल को धन्यवाद किया कि उनके मार्गदर्शन में महाविद्यालय में अध्ययन कर रहे सभी छात्रों को रोजगारपरक प्रशिक्षण और प्लेसमेंट की सुविधा के लिए प्रबंध समिति वचनबद्ध है ।इस मौके पर कॉलेज के एचआर प्रमुख और मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद समन्वयक रेशु भारद्वाज प्लेसमेंट समन्वयक पुष्पेंद्र सिंह डॉ कुशमेंद्र, डॉ प्रशांत और विभिन्न विभाग के प्रोफेसर उपस्थित रहे।

# जूनियर इंजीनियर की कार्य शैली से परेशान होकर किसान यूनियन ने किया बिजली घर का घेराव



**वेलकम इंडिया**

**अमरोहा।** अमरोहा जिले के कस्बा गजरौला में कुंमराला फीडर के जेई जुबेर खान जिसकी तानाशाही व किसानों के खिलाफ रवैया ,जो किसानों से बदतमीजी से पेश आता था जिसका एटीट्यूड बहुत गंदा था।एक गरीब किसान जिसका बिल बहुत ज्यादा गड़बड़ था ठीक नहीं कर रहा था जो किसानों से कहता था कि जो तुमसे जो हो वह कर लेना और कहता था कि जाओ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी से पूछो कि बिल कैसे ठीक होगा। हरामी जेई की कार्यशैली से कुपित होकर वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक चौधरी मांगे राम त्यागीजी ने अधिशासी अभियंता गजरौला फाजिलपुर बिजली घर पर पहुंचकर जोरदार नारेबाजी कराकर अधिशासी अभियंता को जमीन पर बिठाकर वह आक्रोशित रूप से कड़ी फटकार लगाकर जेई को वहीं बुलाने की बात कही आनन फानन में अधिशासी अभियंता ने जेई को मौके पर बुलाया और जांच में जेई की करतूतें सही पाई गई तथा जेई को सस्पेंड करने की बात कही। श्री त्यागी जी के गुस्से के सामने जेई भयभीत व नतमस्तक हो गया और सभी किसानों से हाथ जोड़कर माफी मांगी तथा भविष्य में गलती नहीं करने की बात कही।

श्री मांगेराम त्यागी जी सहित समस्त किसानों ने कड़ी फटकार वह हिदायत देते हुए अपना बड़ा दिल दिखा कर उसको माफ कर दिया खुशी खुशी किसानों ने की जोरदार मारे बाजी पंचायत में उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ताः- जिला अध्यक्ष अमरोहा काविंद्र सिंह, कमल बंजारा युवा ब्लॉक अध्यक्ष हसनपुर, असलम प्रधान जिला महासचिव अमरोहा, रविंद्र सिंह जिला संगठन मंत्री अमरोहा, योगेंद्र सिंह जोया ब्लाक अध्यक्ष, हाजी मुस्तकीम सोनू हसनपुर, सुनील आर्य गढ़मुक्तेश्वर, श्री जगदीश आर्य गढ़मुक्तेश्वर, अंकित चौहान गजरौला, ठाकुर शैलेंद्र आर्य युवा जिला अध्यक्ष बुलंदशहर, धर्मवीर सिंह उर्फ गुड्डू प्रधान जिला प्रभारी बुलंदशहर, अंकुर त्यागी, अमित त्यागी आदि रहे।

# बहादुरगढ़ थाने में तैनात मुख्य आरक्षी की हृदय गति रुकने पर हुआ आकस्मिक निधन



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद के थाना बहादुरगढ़ में तैनात मुख्य आरक्षी अंकुर राणा की हृदय गति रुकने पर हुई आकस्मिक मौत से पुलिस विभाग में दौड़ी शोक की लहर ।विदित रहे कि बहादुरगढ़ थाने में तैनात मुख्य आरक्षी अंकुर राणा थाना दोघट जनपद बागपत के निवासी थे ।जोकि स्याना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत किराए के मकान में रहते थे। जिसमें 28/3/2025 को शुक्रवार की रात्रि में ड्यूटी पर तैनात थे ।इसी बीच उनके सीने में तेज दर्द हुआ। और दवाई लेने जाते हुए रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मामले की सूचना पीड़ित परिजनों को दी गई सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं आकस्मिक निधन होने पर मृतक अंकुर राणा के पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन ले जाया गया। जहां एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह ,एडिशनल एसपी विनीत भटनागर पुलिस क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह सहित पुलिस कर्मियों ने सैनिक सम्मान के साथ शोक सलामी देने के उपरांत उनके पार्थिव शरीर को परिजनों को सौंपा कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए आत्मा शांति के लिए मौन रखा।

# फैक्टरी से मशीनरी चोरी और धोखाधड़ी, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में एक फैक्टरी से लाखों की मशीनरी चोरी और व्यापार में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजीव कॉलोनी निवासी अखिल नाथ की लोनी रोड औद्योगिक क्षेत्र में व्हील बैलेंसिंग मशीन बनाने की फैक्टरी है। अखिल नाथ ने शिकायत में बताया कि उनकी फैक्टरी में कार्यरत हरमीत सिंह ने मशीनें चुराकर अपने एक साथी के साथ अलग व्यवसाय शुरू कर लिया। इसके अलावा, फैक्टरी की गोपनीय जानकारी का भी दुरुपयोग किया, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। जब अखिल नाथ को इस धोखाधड़ी का पता चला, तो उन्होंने हरमीत को नौकरी से निकाल दिया।

# हापुड़ कलेक्ट्रेट में विजिलेंस टीम ने किसान से ?10000 की रिश्वत लेते लेखपाल को रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़/सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। कभी नगर पालिका का जेई रिश्वत लेते पकड़ा जाता है तो कभी लेखपाल रिश्वतखोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण हापुड़ कलेक्ट में देखने को मिला है। जिसमें लेखपाल को किसान से 10000 की रिश्वत लेते विजिलेंस की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं पकड़े गए लेखपाल का बीपी बढ़ने पर उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।आपको बता दें कि हापुड़ कलेक्ट में किसान से ?10000 की रिश्वत लेते हुए बिजिलेंस विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चकबंदी लेखपाल नरेंद्र को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लेखपाल नरेंद्र की विजिलेंस टीम को पहले से शिकायत मिली थी। जिसके चलते शिकायत के बाद टीम ने जाल बिछाया। और कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार करते ही लेखपाल का बीपी बढ़ गया ।जब टीम उसको सरकारी अस्पताल ले गई तो वह काफी घबराया हुआ था। और लेखपाल अपना मुंह छुपाने की कोशिश कर रहा था। डॉक्टरों ने उसकी जांच के बाद भर्ती कर लिया है। सीएससी में उसका इलाज चल रहा है।



# एमआईईटी के फेस्ट कोलाहल-2025 में जस्सी गिल और बब्बल राय की रॉकिंग परफॉर्मेंस

वेलकम इंडिया

**उज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** एमआईईटी में तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव युवा महोत्सव कोलाहल 2025 के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर की विभिन्न प्रस्तुति से कोलाहल को चार चांद लगाए। कोलाहल के तीसरे दिन की शुरूआत विभिन्न प्रतियोगिताओं के छात्र छात्रों एवं मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह के साथ हुई। इसके बाद रंगमंच नाटक की प्रस्तुति की गई जिसमें 6 टीमों ने विभिन्न सामाजिक मुद्दे जैसे राजनीति महिला सुरक्षा कन्या भ्रूण हत्या बलात्कार आदि मुद्दों को नाटक के जरिए सामाजिक संदेश दिया। इसके बाद ओपन माइक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर का परिचय देते हुए विभिन्न प्रस्तुतियां दी।



शाम के समय कोलाहल का मुख्य आकर्षण पंजाबी सिंगर एवं एक्टर जस्सी गिल और बब्बल राय की लाइव परफॉर्मेंस हुई।

अपनी आवाज से युवा दिलों पर छाने वाली मशहूर पंजाबी सिंगर जस्सी गिल और बब्बल राय ने शुक्रवार की शाम को एमआईईटी के वार्षिकोत्सव युवा महोत्सव कोलाहल में लाइव प्रस्तुति से युवाओं के होश उड़ा दिए। जस्सी गिल और बब्बल राय ने एक से बढ़कर एक गाने सुनकर और अपने अंदाज से छात्र-छात्राओं के जोश को परवान चढ़ा दिया। चारों तरफ मस्ती का सुरूर, इस तरह रहा कि वंस मोर, वंस मोर की आवाज गूंज उठी। देर रात तक कॉलेज परिसर में मस्ती का आलम छाया रहा। मंच रंगीन रोशनी से नहाया था, सीटियों का शोर और मोबाइल से फोटो लेने की होड़ मची थी, जैसे-जैसे रात होती गई आवाज का जादू और छात्रों का उत्साह दुगना होते गए। जस्सी गिल और बब्बल राय ने अपने लोकप्रिय गीतों की श्रृंखला में बापू जमींदार, निकले करंट, गिटार सिखदा.., तेरे लेई, कुड़ी तू पटाका, यार जट्ट दे, जट्ट दे टिकने, गब्बारू, लांसर, नखरे, झुमके, दिल तों ब्लैक, आदि गाने गाए। गीत सुनकर छात्र-छात्राओं को थिरकने के लिए विवश कर दिया। इस अवसर पर एमआईईटी के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, कैंपस निदेशक प्रो. डॉ. एस.के. सिंह, डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. रंजीत वर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हनी तोमर, मीडिया हेड अजय चौधरी उपस्थित रहे। आयोजन में छात्र कमेटी से सुवांश जिंदल, हर्षित गोयल, अभिषेक मिश्रा, अथर्व गुप्ता, दिव्यांशी दीक्षित और उत्कर्ष गर्ग का विशेष योगदान रहा।

## राजकीय कन्या इंटर कालेज खलीलाबाद में 11 वें दिन हुआ मूल्यांकन



**संतकबीरनगर।** शनिवार को राजकीय कन्या इंटर कालेज खलीलाबाद में 11 वें दिन भी प्रधानाचार्या डा. सबीहा मुमताज के कुशल नेतृत्व में मूल्यांकन का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रधानाचार्या डा. सबीहा मुमताज ने बताया कि 153333 कापियों में 149461 कापियों का मूल्यांकन हो चुका है। उन्होंने बताया कि परीक्षकों को कोई असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मूल्यांकन कार्य पूरी शुचिता के साथ किया जा रहा है। तय समय सीमा के अंदर मूल्यांकन कार्य पूरा हो जाएगा।

## सीडीओ ने विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर टीवी मुक्त ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के अंतर्गत 162 ग्रामों को टीबी मुक्त किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी ग्राम प्रधान को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा साथ-साथ कल्पित अस्पताल के डॉ0 सोनी सिंह निक्षय मित्र द्वारा 50 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रामानुज कनौजिया, जिला छय रोग अधिकारी डॉ0 एस0 डी0 ओझा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीपी पांडेय, विश्व स्वास्थ्य संगठन सलाहकार डॉ0 मोइन अख्तर, जिला कार्यक्रम समन्वयक अमित आनंद, जिला पीपीएम को-ऑर्डिनेटर कविता पाठक, को-ऑर्डिनेटर ईश्वरचंद चौधरी, अकाउंटेंट रामबास, सर्वेश चतुर्वेदी, विशाल श्रीवास्तव, बाबूराम चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## एमएलसी के नेतृत्व में फुका गया पूर्व मुख्यमंत्री का पुतला



वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** मिजार्मुराद स्थानीय बाजार में शनिवार की दोपहर भाजपा एमएलसी धर्मेन्द्र राय के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के खिलाफ प्रदर्शन के बाद पुतला फुका गया। धर्मेन्द्र राय ने कहां की अखिलेश यादव द्वारा विवाहित बयान दिया गया कि गौशाला, गोबर से दुर्गन्ध आती है। इसी को लेकर सबके अंदर आक्रोश व्याप्त है उसी क्रम में पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर पुतला फुका गया है। पुतला फूलने वालों में जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह पटेल, जिलामंत्री अश्वनी पांडेय, मंडल अध्यक्ष अभिषेक दूबे, मंडल अध्यक्ष रमेश कुमार सिंह पटेल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य दीपक गौड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष यतीश तिवारी व सुरेन्द्र कुमार बिन्द, नीरज पांडेय, आकाश पटेल, कन्हैया लाल, हरिशंकर विश्वकर्मा समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संचारी रोग, बैक्टीरिया या वायरस के कारण होने वाली बीमारियां हैं. ये रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में कई तरीकों से फैलते हैं: दीप श्रीवास्तव

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** सेमरियावा ब्लाक सभागार में सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) दीप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए बैठक हुई। बैठक में सफाई कर्मचारी, पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

इस दौरान सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) दीप श्रीवास्तव ने कहा कि संचारी रोग, बैक्टीरिया या वायरस के कारण होने वाली बीमारियां हैं. ये रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में कई तरीकों से फैलते हैं। एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति (या जानवर से दूसरे व्यक्ति) में शरीर के तरल पदार्थों के सीधे संपर्क, दूषित भोजन या पानी के सेवन, दूषित हवा में सांस लेने या संक्रमित कीट के काटने से फैल सकते हैं। बैक्टीरिया, वायरस और परजीवी कुछ ऐसे जीव हैं जो



संक्रामक रोगों का कारण बन सकते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां की बीएमसी बबिता ने कहा कि दूषित सतहों के संपर्क में आने से, शारीरिक तरल पदार्थों के संपर्क में आने से रक्त उत्पादों के संपर्क में आने से, कीड़े के काटने से, हवा में मौजूद वायरस को सांस के जरिए अंदर लेने से दूषित भोजन या पानी पीने से, संक्रमित जानवरों के संपर्क में आने से, संक्रमित जानवरों से बने उत्पादों का सेवन करने से इनके मुख्य कारण हैं। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से बचने के लिए भोजन को संभालते और तैयार करते समय स्वच्छता का ध्यान रखें. अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जितनी बार संभव हो अपने हाथ धोएं. खांसते और छींकते समय हमेशा रूमाल साथ रखें या टिश्यू का उपयोग करें और उपयोग के बाद उसे नष्ट कर दें, कई संक्रामक रोगों से सुरक्षा पाने के लिए टीका लगवाएं। हेपेटाइटिस बी, साल्मोनेलोसिस, खसरा, वेस्ट नाइल वायरस, मेनिनजाइटिस, तीव्र श्वसन संक्रमण, क्षय रोग, दस्त, शिगेला, हैजा इसके लक्षण हैं। उन्होंने बताया कि एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक यह कार्यक्रम चलेगा। इस अवसर पर मुहम्मद इनामुल्लाह कुरैशी, कृष्ण मणि पाण्डेय, शिव प्रसाद गौतम, इरशाद अहमद, रिजवानुल हक आदि मौजूद रहे।

## फादरसन पब्लिक स्कूल में रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह संपन्न




वेलकम इंडिया

**चांदपुर :** फादरसन पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 से 9 और 11 के विद्यार्थियों के लिए रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन ने सभी विद्यार्थियों को उनके वार्षिक प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं और विशेष रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन जोया और सुनीता वर्मा ने किया। इस समारोह में सभी शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति ने इसे और भी यादगार बना दिया। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और विद्यार्थियों को आगे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों को आगामी सत्र के लिए शुभकामनाएँ दीं और उन्हें मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

## काशी इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** काशी इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मिजार्मुराद द्वारा शनिवार को ₹ऴ्ीँह्य१३ 2025₹ का भव्य आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय तकनीकी उत्सव में छात्रों की नवाचार एवं सृजनात्मक क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से हैकाथॉन, लॉजिक पजल चैलेंज, थिंकाथॉन, टेक क्विज, कोड क्रैकर्स, टेक एग्जीबिशन आदि शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रुचिर गुप्ता, (आई. आई. टी. बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) ने छात्रों को नवीन तकनीकों के उपयोग और नवाचार के महत्व पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। इस अवसर पर संस्थान के वाईस चेयरमैन विपुल जैन एवं



मिसेज रुचि जैन और वाईस प्रेसिडेंट, जैन एजुकेशन सोसाइटी वत्सल जैन ने जज की भूमिका निभाई और टेक एग्जीबिशन मे (आयुष, उज्वल, विशाल, सत्यम और अभिसेक), हैकाथॉन मे (सौरभ और आहना) विजेताओं को पुरस्कृत किया। संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. ए. के. यादव, डीन अकादमिक डॉ डी एम श्रीवास्तव एवं काशी इन्स्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष मिश्रा ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए इस आयोजन की सफलता पर बधाई दी। ₹ऴ्ीँह्य१३ 2025₹ ने तकनीकी नवाचार और सृजनशीलता को बढ़ावा देने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया और छात्रों को अपने कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर दिया। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन डीन स्टूडेंट वेलफेयर सच्चिदानन्द पाठक द्वारा एवं डॉ सुधीर मिश्रा द्वारा किया गया।

## आठ वर्षों के ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे घर-घर जाकर दी जानकारी

वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** सेवापुरी मंडल के बेलवा गांव में शनिवार को जिला कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा पूनम मिश्रा के नेतृत्व में महिला मोर्चा की टीम ने घर-घर जाकर लाभार्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार के आठ वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों के बारे में बताया गया। इस दौरान सरकार की विभिन्न योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी महिलाओं को दी गई जिससे गांव के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। बेलवा गांव के लोगों ने सरकार की योजनाओं की सराहना की और बताया कि वे सीधे इनका लाभ उठा रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनहितैषी नीतियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान जनजागरण अभियान से लोगों में जागरूकता बढ़ी और वे सरकार की नई योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित हुए। इस दौरान रितु, गरिमा, अग्रिमा, नेहा, साधना व जानवी मौजूद रही।

## माया देवी पंडित कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षा परिणाम घोषित



वेलकम इंडिया

**बिजनौर:** माया देवी पंडित कन्या इंटर कॉलेज शेखपुरा बिजनौर एवं सुरेश चंद्र शर्मा पब्लिक स्कूल शेखपुरा बिजनौर में परीक्षाफल घोषित किया गया। जो की शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंधक राजीव शर्मा के द्वारा सभी छात्र एवं छात्राएं जो की फर्स्ट सेकंड थर्ड डिवीजन लेकर आए हैं। उन सभी को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया एवं सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही में प्रबंधक राजीव शर्मा ने बताया कि हम अपने विद्यालय में आने वाले समय में और अच्छे प्रयास जैसे बच्चों के लिए नवीन ट्रांसपोर्ट एवं कंप्यूटर लैब देंगे। जिससे बच्चों को नवीन युग का ज्ञान दिया जा सके।

## चर्च की भूमि पर अवैध कब्जा व निर्माण का आरोप कार्रवाई की मांग को लेकर कमिश्नरी चौराहे प्रदर्शन

वेलकम इंडिया

**मेरठ ।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के निवासियों ने शनिवार को कमिश्नरी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए एसएसपी को एक ज्ञापन सौंपते हुए थाना क्षेत्र के चर्च (मिशन) भूमि 960 पर डेनियल एल्बर्ट द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया। इस दौरान फादर युसूफ दास ने बताया कि थाना क्षेत्र के अभिक्रमा बिल्डिंग के सामने व आईजी आवास से पहले चर्च की भूमि पर डेनियल एल्बर्ट अपने कुछ मुस्लिम साथियों के साथ मिलकर बिना किसी



कोर्ट के आदेश के अवैध निर्माण कर रहा था। आगे बताया कि उन्होंने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी तो डेनियल एल्बर्ट ने यूसुफ दास के साथ अभद्रता करते हुए उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी थी। हंगामा बढ़ते देखकर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों का बीच-बचाव कराया। शनिवार को ईसाई समाज के दर्जनों लोगों ने कमिश्नरी चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए एसएसपी को ज्ञापन देकर थाना सिविल लाइन पुलिस से आरोपी और उनके साथियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। वहीं डेनियल एल्बरड ने बताया उक्त भूमि पर उनका मालिकाना हक है एक कांग्रेस नेता द्वारा गुमराह कर शिकायत कर्ताओ को आगे रखकर हमारी भूमि भी कब्जाना चहाता है ऐसा वह पहले भी कई बार कर चुका है उनका आरोप है कि कांग्रेस नेता रोबिन नाथ उर्फ गोलू द्वारा खुद भूमि पर अवैध कब्जा कर शोरूम बनाया गया है जिस पर एमडीए द्वारा सील किया गया है लेकिन गोलू ने सील तोड़कर शोरूम बना डाला भू- स्वामी द्वारा उक्त मामले की शिकायत मुख्यमंत्री व एमडीए अधिकारियों से की है ।

## मेरठ के प्रोफेसर उदय प्रताप शाही को विशिष्ट वैज्ञानिक सम्मान से किया गया सम्मानित

वेलकम इंडिया

**मेरठ ।** मेरठ प्रोफेसर उदय प्रताप शाही को प्रदेश के विशिष्ट वैज्ञानिक सम्मान से पुरष्कृत किया गया। यह पुरस्कार उनके कृषि मौसम ० मृदा विज्ञान के क्षेत्र में शोध शिक्षा ० प्रसार में विशेष योगदान के लिए दिया गया। इसके अतरिक्त कृषि विश्विद्यालय मेरठ में डॉ अखिलेश वर्मा सहायक प्राध्यापक पशु चिकित्सा एवं डॉ हितेश कुमार सह प्राध्यापक पादप प्रजनन को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना २०२४-२५ के अंतर्गत इस पुरस्कार की घोषणा उत्तर प्रदेश अनुसन्धान परिषद् लखनऊ के महानिदेशक डॉ संजय सिंह ने किया।



डॉ संजय सिंह ने सम्मानित वैज्ञानिकों को शुभकामनाये प्रेषित किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के के सिंह ने इस उपलब्धि पर तीनो वैज्ञानिकों को बधाई दी ०बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किय।

## गाजियाबाद में बदमाशों का आतंक, लूटने और मंगलसूत्र छीनने की वारदातें

**गाजियाबाद।** अपराधियों ने एक बार फिर पुलिस को चुनौती देते हुए दो अलग-अलग घटनाओं को अंजाम दिया। शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक्सिस बैंक का एटीएम लूटने की कोशिश की, लेकिन असफल रहने पर उसका पीसी कोर (मुख्य हिस्सा) लूटकर फरार हो गए। इस मामले में एडवोकेट गौरव वैसला ने पुलिस को तहरीर दी, जिसमें बताया गया कि हिटाची पेमेंट्स सर्विस प्रा. लिमिटेड कंपनी विभिन्न बैंकों के एटीएम का रखरखाव करती है। 25 मार्च को बदमाशों ने एटीएम को लूटने का प्रयास किया, लेकिन जब नकदी निकालने में असफल रहे तो एटीएम मशीन का पीसी कोर निकालकर भाग गए। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा, साहिबाबाद थाना क्षेत्र में दो बदमाशों ने वृद्धा के गले से सोने का मंगलसूत्र लूट लिया। पीड़ित पुनीत जीयस ने पुलिस को बताया कि जब वे अपनी सास और परिवार के साथ जिन्दल मार्केट में खरीदारी कर लौट रहे थे, तभी बाइक सवार बदमाशों ने उनकी सास सुमा बीके के गले से मंगलसूत्र झपट लिया और फरार हो गए। इन दोनों घटनाओं ने इलाके में दहशत फैला दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में मेधावी छात्राएं सम्मानित

गाजियाबाद। विजय नगर स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में शनिवार को परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर कक्षा 6 से 12 तक की 93 मेधावी छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. विभा चौहान एवं शिक्षिकाओं ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

# वन स्टॉप सेंटर यूनिट-2 का विधायिका डॉ0 मंजू सिवाच द्वारा किया गया शिलान्यास



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में महिला एंव बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर यूनिट-2 का शिलान्यास सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोविन्दपुरी में विधायिका डॉ0 मंजू सिवाच द्वारा किया गया डॉ0 मंजू सिवाच द्वारा महिलाओं के लिए एक छत के नीचे न्याय मिल से ओर जो महिलाए थाने में जाकर घबराती है वे वन स्टॉप सेंटर यूनिट-2 मे जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। जिससे कि जल्दी न्याय मिल सके। जैसे महिलाओं के पति द्वारा प्रताड़ना देना, महिला को मारना-पीटना व सुरक्षा हेतु उनके अधिकारों की पूर्ण जानकारी दी गयी, व ब्लॉक प्रमुख भोजपुर श्रीमती सुचेता सिंह ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को इसकी बहुत ही आवश्यकता जो महिलाएं गाजियाबाद नही जा सकती थी, वे अब वन स्टॉप सेंटर यूनिट-2 गोविन्दपुरी मे जाकर प्रार्थना पत्र देकर अपनी सभी समस्याओं का समाधान करा सकती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के पैनल अधिवक्ता संजय मुदगल ने बताया कि मोदीनगर को यह बहुत ही बड़ी सफलता मिली है। वन स्टॉप सेंटर यूनिट-2 मे पुलिस, डॉ0 व सक्षम अधिकारी व अधिवक्ता मिलकर महिलाओं को एक ही छत के नीचे न्याय मिलेगा अगर किसी छात्रा व महिलाओं को कोई भी किसी भी तरह का उत्पीड़न हो रहा है तो वे वहा जाकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उस पर तुरन्त कार्यवाही की जा सकेगी। कार्यक्रम मे उपस्थित जिला प्रोबेशन अधिकारीगण, वन स्टॉप सेंटर की इंचार्ज श्रीमति दिपाली, श्रीमति गुंजन, राजस्व एवं सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर वशिष्ठ, सचिव संजय मुदगल, विक्रम वर्मा एडवोकेट, रेखा गोस्वामी, मृदुल सपना, कीर्ति, नीलम वर्मा, राहुल, सुजल, स्वास्थ्य विभाग, विधिक सेवा एवं पुलिस इत्यादि उपस्थित रहे।

## जैपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने आयोजित किया 10वां कॉर्पोरेट शिखर सम्मेलन

**गाजियाबाद।** जैपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गाजियाबाद ने गर्व के साथ 10वें कॉर्पोरेट शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका विषय2030 के लिए नवाचार-प्रेरित विकास रणनीतियाँ यह समिट था, शनिवार को होटल रैडिसन ब्लू, कौशांबी में आयोजित हुआ, जिसमें रिटेल और एफएमसीजी, आईटी और एनालिटिक्स, और फिनटेक क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में इन क्षेत्रों के प्रमुख विचारकों ने व्यापार परिवर्तन और रणनीतिक विकास में नवाचार की भूमिका पर विचार साझा किए।समिट की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, इसके बाद सेठ आनंदराम जैपुरिया एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन श्री शिशिर जैपुरिया ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने समिट में आए सभी गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा, भारत की विकास यात्रा में 2030 के दृष्टिकोण के लिए कॉर्पोरेट प्रतिबद्धता बहुत महत्वपूर्ण है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम एक ऐसी अर्थव्यवस्था का निर्माण करें जो न केवल मजबूत और प्रतिस्पर्धी हो, बल्कि न्यायसंगत और पर्यावरण के प्रति जागरूक भी हो।

## संजीवनी एस्टेट कॉलोनी में रुका हुआ सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया: ईश्वर चंद्र

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर।** प्रसिद्ध सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने बताया कि संजीवनी एस्टेट कॉलोनी सिकरी खुर्द मोदीनगर मे नाली निर्माण मे राम नाम लिखी ईंटो को लगाने का विरोध किया गया था, जिस कारण ठेकेदार द्वारा कालोनी मे भेजे गए अपने लोगों से कालोनी के कुछ लोगों से कहलवाया था कि जब तक आप लोग निर्वाण फाउंडेशन पर शिकायत वापस लेने का दबाव नहीं बनाते और निर्वाण फाउंडेशन शिकायत वापस नहीं लें लेती है, तब तक कालोनी मे सड़क निर्माण कार्यों को नहीं कराया जायेगा।ईश्वर चंद्र ने यह भी बताया है कि हमारे द्वारा लोगों को भरोसा दिलाया गया है कि निर्वाण फाउंडेशन केवल संजीवनी एस्टेट कॉलोनी वासियो के साथ ही नहीं पूरे मोदीनगर वासियो के साथ है और अगर मोदीनगर मे कहीं भी कोई गलत कार्य हो रहा होगा तो निर्वाण फाउंडेशन हर जगह गलत कार्यो का विरोध करेगी, और लोगों को यह भरोसा भी दिया कि आप निश्चिन्त रहे, सड़क निर्माण का कार्य भी होगा, और बहुत अच्छा निर्माण भी होगा, और नालियों से राम नाम कि इंटें भी निकाली जाएंगी, और कालोनी मे मंदिर निर्माण बहुत जल्दी होगा। ईश्वर चंद्र ने बताया कि लीपा पोती कर भर्मित करने वाले प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी कानूगो व पटवारी को बर्खास्त करने कि मांग करने के बाद दो दिन मे ही संजीवनी एस्टेट कालोनी मे सड़क निर्माण कार्यों को लेकर मिट्टी भराव का कार्य शुरू हो गया है। जिस कारण उक्त कालोनी वासियो मे खुशी का माहौल बना हुआ है और लोगों का विश्वास निर्वाण फाउंडेशन पर बढ़ रहा है।कालोनी के लोगों को लगने लगा है कि बहुत जल्दी नालियों से राम नाम कि इंटें निकाली जाएंगी और कालोनी मे मन्दिर निर्माण भी बहुत जल्दी कराने मे निर्वाण फाउंडेशन कामयाबी हासिल करेगी, जो कालोनी वासी ठेकेदार व कॉलोनाइजर से डरते थे अब वो भी अपने अधिकारों के प्रति कुछ जागरूक होने लगे है।

## नरेंद्र कश्यप राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार का किया भव्य स्वागत



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतेन्द्र त्यागी ने शनिवार दोपहर अपने आवास पर श्री नरेंद्र कश्यप राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार का शाल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके राजनीतिक व सामाजिक चर्चा भी हुई। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, महासचिव जितेन्द्र चित्तौड़ा, भाजपा नेता टैमपाम, हरीश त्यागी, अरुण तोमर, प्रदीप त्यागी, महेश कश्यप यतीश त्यागी व भीष्म शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सहारनपुर में दिनेश कुमार गोयल ने विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक की

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर।** सहारनपुर सर्किट हाउस सभागार में दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात समिति के सदस्यों के साथ व मनीष बंसल जिलाधिकारी सहारनपुर, एस एस पी सहारनपुर एवं जिला सहारनपुर से विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद सहारनपुर के विद्युत विभाग से सम्बन्धित कार्यो की समीक्षा बैठक की।

सभापति दिनेश कुमार गोयल जी ने कहा कि जब विधुत विभाग द्वारा एकमुश्त समाधान योजना या अन्य कोई महत्वपूर्ण योजनाएं शासन के आदेशानुसार चलायी जाती है तो उसका व्यापक प्रचार प्रसार होना चाहिए जिससे आम जनमानस अधिक से अधिक उसका लाभ ले सकें। सहारनपुर पहुंचने पर सभापति दिनेश गोयल का जगह जगह पार्टी के कार्यकताओं ने फूल माला व पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया।इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, जितेंद्र सिंह सैंगर सदस्यगण विधान परिषद व विधुत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

## गृह विज्ञान विभाग में महिला संबंधी रोगों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** गिन्नी देवी मोदी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मोदीनगर में एन.पी.एच.सी. पसोंडा, गाजियाबाद में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर मधुलिका सिंह द्वारा छात्राओं को महिला संबंधी रोगों के लक्षण तथा बचाव के बारे में जागरूक किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा जी ने मुख्य अतिथि डॉक्टर मधुलिका सिंह को छात्राओं द्वारा तैयार किए गए दुपट्टा ,कोस्टर पेंटिंग व बैग देकर उनका स्वागत किया। छात्राओं ने उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर अपनी समस्याओं के संबंध में वातार्लाप की ।इस अवसर पर सर्वाइकल कैंसर पीसीओडी , मेनोपॉज, स्तन कैंसर, एनीमिया तथा यू.टी, आई.इत्यादि रोगों तथा उनसे संबंधित परीक्षणों के संबंध में चर्चा की गई ।छात्राओं तथा अध्यापिकाओं ने भी डॉ मधुलिका सिंह से निजी परामर्श किया। महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर पूनम शर्मा जी ने छात्राओं को अच्छे स्वास्थ्य के महत्व को बताते हुए अच्छे भोजन से किस प्रकार रोग मुक्त हो सकते हैं तथा छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण संबंधी जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में डॉ मीनू अग्रवाल, डॉ राखी मित्तल,डॉ चेतना, डॉ शिखा ,डॉ नम्रता ,डॉ ईशा, राखी शर्मा, कनिका तथा गायत्री उपस्थित रहे।

## कंपोजित विद्यालय कादराबाद में भव्य वार्षिकोत्सव का सफल आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर।** कंपोजित विद्यालय कादराबाद, विकासखंड भोजपुर, जिला गाजियाबाद में वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सरस्वती मां की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया।इस कार्यक्रम में न केवल सभासद संदीप सांगवान उपस्थित रहे अपितु विद्यार्थियों के अभिभावक तथा पूर्व प्रधान कर्मवीर और डॉक्टर सुनील इत्यादि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आकर्षक प्रस्तुतियां करके सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही उन माताओं को भी सम्मानित किया गया, जिनकी जागरूकता और अथक प्रयासों से बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आकर अपनी सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कर पाए ।

कार्यक्रम में उपस्थित रहीं ए 0 आर0 पी0 अनुराधा मित्तल ने बच्चों को उद्बोधित करके उनका मनोबल बढ़ाया। पूर्व में विद्यालय की शिक्षिका रही तथा वर्तमान में मुरादनगर की ए आर पी डॉक्टर रुचि गुप्ता भी उपस्थित रहीं।विद्यालय की इंचार्ज प्रधान अध्यापिका श्रीमती रजनी एवं सभी शिक्षिकाओं आशा रानी, विजयलक्ष्मी, अंजू बालियान, दिव्या बख्शी, रितु नागर ,ज्योति शर्मा एवं शालिनी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया।

## शेरपुर गांव में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर।** मोदीनगर के निकट शेरपुर गांव में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया।शेरपुर गांव में चौधरी सेंसर पाल सिंह के सुपुत्र चौधरी जयंत निर्वाल के आवास पर संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद की तरफ से स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। जिसमें गांव के लोगों ने हेल्थ चेकअप कराने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।डॉक्टर की टीम ने गांव के लोगों का ब्लड प्रेशर ,शुगर ,आंख व अन्य बीमारियों का चेकअप किया ।तथा गांव के लोगों को बीमारियों को बचाव के उपाय बताएं । व गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को अस्पताल ले जाकर उनका इलाज किया ।डॉक्टर की टीम में प्रियांशु गुप्ता, नंदिता अग्रवाल, पारुल शर्मा, डॉक्टर प्रियंक शर्मा ,डॉक्टर लविश भाटिया , कीर्थना , आरिफा अख्तर आदि लोग उपस्थित थे ।कैंप को सफल बनाने में सोनू भारती , जयंत चौधरी, सोनू कुमार आदि का सहयोग रहा ।इस अवसर पर एनसीसी ऑफिसर डॉक्टर अमित कुमार ,चौधरी चरण पाल सिंह, चौधरी नरेश कुमार ,चौधरी परमपाल सिंह ,चौधरी यशपाल सिंह ,वीर सेन, तेजवीर अनुज कुमार ,केशव ,जगत सिंह प्रधान जी ,धर्मपाल प्रधान, वीर सिंह ,वेद सिंह कार्तिक ,रॉबिन ,बिजेंदर व सुखवंस आदि लोग उपस्थित रहे।

## सीईएल में राजभाषा हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ( सीईएल) में शनिवार को राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर राजभाषा अधिकारी एवं बीईएल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सदस्य सचिव नवजोत पीटर ने तिमाही और अर्द्धवार्षिक रिपोर्ट भरने की प्रक्रिया, संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण, बैठकों और अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद की प्रक्रिया पर जानकारी दी।कार्यक्रम की शुरूआत राजभाषा अधिकारी कृष्ण वीर सिंह चौधरी ने प्रेरणादायक कविता के साथ की– तेरे इश्क में ऐ हिंदी, कुछ इस तरह नीलाम हो जाऊं।आखिरी हो तेरी बोली और मैं तेरे नाम हो जाऊं।इस कार्यशाला में विकास त्यागी, शिव नारायण पटेल, नीलाभ कुमार, पंकज गुप्ता, देव प्रिय रतन, अनीस मोहम्मद, सोहनबीर सिंह, आकांक्षा श्रीवास्तव, अर्पणा हर्षिता और रजत गर्ग सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी में 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन फार्मा एडवांसमेंट का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**बिजनौर :** भगवंत इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी द्वारा 28 और 29 मार्च 2025 को ₹इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन फार्मा एडवांसमेंट 2025 - एआई ड्राइव एकेडमिक्स, इंडस्ट्री और स्टार्टअप इकोसिस्टम₹ विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकताओं और छात्रों ने भाग लिया। सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया की वित्त समिति के अध्यक्ष विभु साहनी उपस्थित रहे। साथ ही, फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया के केंद्रीय परिषद सदस्य आकाश वैद, इंडियाना यूनिवर्सिटी (यूएसए) के प्रोफेसर ऑगस्टिन, हरियाणा के पूर्व औषधि नियंत्रक नरेंद्र आहूजा, भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, निदेशक अनुराग विजय अग्रवाल, फामेर्सी संस्थान के प्राचार्य डॉ. सचिन सिंघल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि प्रो. विभु साहनी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के भारत के विकास, विशेषकर फा क्षेत्र में इसके महत्व को रेखांकित किया।

# एडीओ अनिल यादव के स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई एव सम्मान समारोह का आयोजन हुआ

**वेलकम इंडिया**

**नूरपुर :** खंड विकास नूरपुर में अनिल यादव एडीओ सांख्यिकी के पद पर कार्यरत हैं शासन ने उनका प्रमोशन अपर सांख्यिकीय अधिकारी जनपद अमरोहा में पोस्टिंग की है उनके स्थानांतरण पर ब्लॉक सभागार में विदाई एवं शुभकामनाएं समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान एवं संचालन एडीओ सलीम अहमद ने किया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान सहित समस्त स्टाफ ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें फूलमाला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर एवं उपहार भेंटकर भावभीनी विदाई एवं शुभकामनाएं दी।एडीओ अनिल यादव एक मृदुभाषी, मिलनसार, व्यवहार कुशल व्यक्तित्व के धनी हैं क्षेत्र में लोग उनके कार्यों की प्रशंसा कर रहे हैं। उन्होंने नूरपुर ब्लॉक में कार्यरत रहते हुए जन सेवा की है। इस मौके पर एडीओ पंचायत करुणा चौहान, प्रतीक कुमार, गौरव त्यागी, सचिव अखिलेश कुमार, नीरज कुमार, गौरव कुमार, शरद कुमार, रेखा रानी, रंजीता,प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**खराब रैंक लाने वाले विभाग अपनी कार्यप्रणाली में करें सुधार: जिलाधिकारी दीपक मीणा**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में माननीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (राजस्व से सम्बंधित) की फरवरी माह की मासिक प्र ?गति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक आहूत हुई। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा खराब रैंक लाने वाले विभागों को खराब रैंक आने का कारण स्पष्ट पूछा, जिस पर अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि केपीआई में कुछ परेशानियों आ रही थी जो कि अब सही हो गयी हैं जिससे आगामी माह की रैंकिंग अच्छी आयेगी। वहीं कुछ अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि वह समय से पोर्टल अपडेट नहीं कर पाये, इसके साथ ही अन्य कारण भी सामने आएं। जिलाधिकारी महोदय ने स्पष्ट किया कि यदि पोर्टल से सम्बंधित कोई भी शिकायत या समस्या है तो मुझे अवगत करायें, आगामी माह में किसी रैंकिंग खराब नहीं आनी चाहिए। साथ ही सभी अधिकारी किसी भी कार्य को अपनी स्तर पर लम्बित ना छोड़े, जैसे ही कोई कार्य आपकी टेबिल पर आता है उसका तुरन्त निराकरण करें या आपके स्तर का नहीं है तो उसे त्वरित निस्तारण के लिए सम्बंधित को भेंजे। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (राजस्व से सम्बंधित) की फरवरी माह की मासिक प्र ?गति रिपोर्ट मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (राजस्व से सम्बंधित) की फरवरी माह की मासिक प्र ?गति रिपोर्ट में जनपद गाजियाबाद की रैक्स मार्क 8.73 के साथ 40वीं रैक आयी। जनपद में राजस्व, लोक शिकायत, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, सैनिक कल्याण, वित्त, नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन, परिवहन, भूतत्व एवं खनिकर्म, राज्यकर, अवस्थापना व औद्योगिक विकास, आईटी एवं इलैक्ट्रोनिक्स, आबकारी, आवास, उपभोक्ता संरक्षण एवं बाटमाप, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, खाद्य एवं रसद तथा चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभागों में संचालित 55 परियोजनाओं में ग्रेड वाईज ए+ में 30, ए में 6, बी में 8, सी में 3, डी में 3 व ई में 5 विभाग रहे। बैठक में मुख्य रूप से एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता, जीडीए सचिव राजेश सिंह, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, एसडीएम लोनी राजेन्द्र कुमार, डीआईओ योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## राणा सांगा पर विवादित बयान से सियासी बवाल, सांसद के आवास पर तोडफोड़

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर दिए गए विवादित बयान से सियासी हलचल तेज हो गई है। उनके बयान से नाराज ठाकुर समाज के लोगों ने आगरा में उनके आवास पर तोडफोड़ कर दी, जिससे प्रदेश में राजनीतिक तनाव बढ़ गया है। गाजियाबाद में भी इस बयान के विरोध में बीजेपी के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (क्क्ङ्कक्क) ने प्रदर्शन किया। संगठन के महानगर महामंत्री तनिष्क सिसोदिया के नेतृत्व में कार्यकताओं ने सांसद रामजीलाल सुमन के बयान की निंदा करते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की। वहीं, समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने सपा सांसद के समर्थन में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और आगरा में हुई तोडफोड़ की घटना की निंदा की। इस मुद्दे पर बढ़ते विवाद के कारण प्रदेश में राजनीतिक पारा चढ़ता जा रहा है।

## जिलास्तरीय बैंकिंग समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय बैंकिंग समन्वय समिति एवं जिलास्तरीय बैंकिंग समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बैंकिंग योजनाओं की समीक्षा की गई और बैंकों को साख-जमा अनुपात बढ़ाने तथा विकासपरक सरकारी योजनाओं में ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक बुद्ध राम ने दिसंबर 2024 तिमाही की बैंकिंग उपलब्धियों पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने बैंकों के सीडी अनुपात में कमी पर चिंता जताते हुए इसे सुधारने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने बैंकों को गाजियाबाद जिले के अंतर्गत ऋण डेटा सही ढंग से रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, नाबार्ड की डीडीएम कुमारी अलका सहित सभी प्रमुख बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक उपस्थित रहे।

## दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस-वे तथा ईर्स्टन पैरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर प्रतिबन्धित दुपहिया वाहनों पर नियमानुसार होंगी कार्यवाही

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद, श्री गम्भीर सिंह द्वारा प्रेस नोट जारी करते हुए अवगत कराया गया कि दिनांक 27/28/29.03.2025 को विभिन्न समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों एवं सोशल मीडिया में प्रकाशित / प्रसारित खबर कि दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस-वे तथा ईर्स्टन पैरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर प्रतिबन्धित दुपहिया वाहनों को ले जाने पर एफ०आई०आर० की कार्यवाही की जायेगी। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराया जाता है कि यातायात पुलिस नियमों के अनुसार दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस-वे तथा ईर्स्टन पैरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर प्रतिबन्धित दुपहिया वाहन ले जाने पर चालान, लाईसेंस सस्पेंड एवं वाहन सीज किये जाने आदि का प्राविधान है, किन्तु एफ०आई०आर० दर्ज किये जाने का प्राविधान नहीं है और न ही इस प्रकार का प्राविधान राष्ट्रीय राजमार्ग को है। अतः प्रकाशित / प्रसारित खबर कि दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस-वे तथा ईर्स्टन पैरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर प्रतिबन्धित दुपहिया वाहनों को ले जाने पर एफ०आई०आर० की जायेगी, के कथन का खण्डन किया जाता है।

यह खबर कानूनी कार्यवाही को त्रुटिवंश समझने के कारण प्रकाशित व प्रसारित की गयी है।

## नगर निगम ने लगाए हाउस टैक्स वसूली कैंप, करदाताओं को अंतिम अवसर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम ने वित्तीय वर्ष के अंतिम दो दिनों में करदाताओं की सुविधा के लिए हाउस टैक्स वसूली के विशेष कैंप लगाए हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निदेर्शानुसार, 30 और 31 मार्च को जोनल कार्यालय खुले रहेंगे ताकि लोग बिना किसी देरी के अपना हाउस टैक्स जमा कर सकें। 1 अप्रैल से बकाया हाउस टैक्स पर 12त्न ब्याज लागू हो जाएगा।

इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम ने अवकाश दिवसों में भी वसूली प्रक्रिया जारी रखने का निर्णय लिया है। नगर आयुक्त ने सभी करदाताओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपना बकाया टैक्स समय पर जमा करें। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार ने बताया कि निगम ने इन दो दिनों में 9 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए हाउस टैक्स वसूली के विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं और टैक्स कलेक्शन टीमें डोर-टू-डोर जाकर भी वसूली करेंगी। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी के नेतृत्व में विभिन्न जोनों में हाउस टैक्स वसूली कैंप लगाए गए हैं। नगर निगम की इस मुहिम में जनप्रतिनिधियों का भी विशेष सहयोग मिल रहा है, जिससे करदाताओं को हाउस टैक्स भुगतान में अधिक सहूलियत मिल रही है। नगर निगम मुख्यालय और सभी जोनल कार्यालय करदाताओं की सुविधा के लिए खुले रहेंगे। यदि कोई करदाता 31 मार्च तक अपना टैक्स जमा नहीं करता है, तो उसे 1 अप्रैल से बकाया राशि पर 12 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज देना होगा।

- वसुंधरा जोन: शक्ति खंड, अभय खंड।
- सिटी जोन: उदल नगर, मुकुंद नगर।
- विजयनगर जोन: मिजार्पुर, डबल टंकी, सेक्टर 12, गुलाबी टंकी, सेक्टर 10, महागुणपुरम, क्रॉसिंग रिपब्लिक।
- मोहन नगर जोन: वीरपाल डबास जी, अर्थला।
- शहीद नगर जोन। वार्ड संख्या 90, सेंट्रल पार्क, डीएलएफ।
- कवि नगर जोन। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल, गोविंदपुरम।
- इसके अलावा, कवि नगर जोन में टैक्स कलेक्शन टीम डोर–टू–डोर जाकर भी टैक्स वसूली करेगी।

## ईद-उल-फितर एवं नवरात्रि की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त ने दिए निर्देश



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नवरात्रि महोत्सव एवं रमजान के समापन के बाद ईद-उल-फितर की तैयारियों को लेकर विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मंदिरों एवं मस्जिदों के बाहर सफाई के बाद नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए और लाइटिंग व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने निर्माण विभाग को धार्मिक स्थलों के मार्ग व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। नगर निगम टीम प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ-साथ आंतरिक वार्डों में भी सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए तत्पर है। नगर आयुक्त ने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की और भंडारों एवं धार्मिक अनुष्ठानों को स्वच्छता के साथ आयोजित करने का आग्रह किया।

## टीबी मुक्त घोषित 24 ग्राम पंचायतों के प्रधानों का सम्मान समारोह आयोजित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में 24 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया गया। उन्हें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रधानों की सराहना करते हुए उन्हें अपने निकट की पांच पंचायतों को भी टीबी मुक्त करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने बताया कि जनपद में 142 ग्राम पंचायतों एवं समस्त नगरीय इकाइयों को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य है। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार यादव ने बताया कि जिले में सभी क्षय रोगियों को पोषण सहायता के लिए विभिन्न संस्थाओं द्वारा गोद लिया गया है। समारोह में समाजसेवी एवं सामाजिक संस्थाओं को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## लोक अदालत में अन्य व्यक्तियों को शामिल करने की मांग

वेलकम इंडिया

**इस संदर्भ में मांग की गई है कि भविष्य में लोक अदालतों में संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों और सामाजिक कार्यकताओं को भी स्थान दिया जाए।**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोक अदालत के गठन में अन्य व्यक्तियों को सम्मिलित न करने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता विष्णु कुमार गुप्ता ने उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और प्रशासनिक जज (गाजियाबाद) को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अनुसार, लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों के अलावा विधिक पेशेवर, कार्यपालक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और कमजोर वर्गों के हितों से जुड़े लोग शामिल किए जा सकते हैं। लेकिन 8 मार्च 2025 को आयोजित लोक अदालत में इन व्यक्तियों को शामिल नहीं किया गया, जिस पर आपत्ति जताई गई है। लोक अदालत के माध्यम से लाखों लंबित मुकदमों का शीघ्र निपटारा किया जाता है, जिससे आम जनता को राहत मिलती है।

## एक बोतल खरीदो, एक फ्री शराब योजना पर आप ने जताया विरोध, घोटाले का आरोप

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** शराब बिक्री को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही एक बोतल खरीदने पर एक बोतल फ्री योजना का आम आदमी पार्टी (आप) ने कड़ा विरोध किया है।

पार्टी ने इसे एक बड़ा घोटाला करार देते हुए जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और उपराज्यपाल से इस पर तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की। आप के जिलाध्यक्ष निमित त्यागी ने कहा कि यह योजना समाज को नशे की ओर धकेलने का प्रयास है और इससे प्रदेश में शराब की खपत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और कानून व्यवस्था पर भी खतरा बढ़ सकता है। हालांकि, जिला आबकारी विभाग ने इस योजना से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह सरकारी नीति नहीं है। जिला आबकारी अधिकारी संजय सिंह के मुताबिक, शराब कंपनियों और दुकानदारों ने अपने पुराने स्टॉक को खत्म करने के लिए यह योजना लागू की है, क्योंकि नई आबकारी नीति 1 अप्रैल से लागू होनी है। आप नेताओं ने इस योजना को तुरंत रद्द करने और इसकी गहन जांच कराने की मांग की है।

## आईटीएस डेंटल कॉलेज में 9वें कॉम्प्रेहैन्सिव इम्प्लांट कोर्स के चौथे मॉड्यूल का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज ने 9वें कॉम्प्रेहैन्सिव इम्प्लांट कोर्स के चौथे मॉड्यूल का आयोजन सफलतापूर्वक किया। यह सीडब्ल्यूएम इम्प्लांट्स, साउथ कोरिया के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 59 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एमडीएस के विद्यार्थी और विभिन्न कॉलेजों के अध्यापक शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य मरीजों के बीच इम्प्लांट्स के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर प्रसिद्ध वक्ता डॉ. पुनीत आहूजा थे, जिन्हें ओरल इंप्लांटोलॉजी के क्षेत्र में व्यापक ज्ञान प्राप्त है और वे नियमित रूप से इस तरह के कोर्स संचालित कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पुनीत ने सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों के क्लीनिकल ज्ञान में वृद्धि करना तथा भविष्य में उन रोगियों में इम्प्लांट को सफलतापूर्वक स्थापित करने और लगाने के लिये तैयार करना था जिनके दांत नहीं हैं। डॉ. पुनीत ने पहले और दूसरे दिन एमडीएस के विद्यार्थियों और अन्य दंत चिकित्सकों को ओरल इम्प्लांटोलॉजी में आने वाली समस्याओं तथा उनके निवारण के बारे में गहन जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी प्रतिभागियों के लिए इम्प्लांटोलॉजी से जुड़े नवीन विषयों पर व्याख्यान भी दिए।

## रोज बेल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** विजय नगर स्थित रोज बेल पब्लिक स्कूल, भूड़ शाखा में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने कौशल और प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। टॉपर्स और विजेताओं को किया गया सम्मानितविद्यालय के टॉपर्स को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, साथ ही विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यार्थियों की इन उपलब्धियों को सराहते हुए विद्यालय की प्रधानाचायाओं एवं निदेशक मंडल ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। टॉपर्स को सम्मानित करने के लिए विजय नगर शाखा की प्रधानाचार्या धर्मजीत कौर, भूड़ शाखा की प्रधानाचार्या गुनीत कौर एवं निदेशक (शैक्षणिक) यशमीत सिंह उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए जागरूकता पर आधारित कार्यक्रमइस अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन, परिवार एवं पारिवारिक संबंधों के महत्व जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां और नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

इन प्रस्तुतियों को उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों ने खूब सराहा। विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और सामाजिक मुद्दों पर उनकी गहरी समझ ने सभी को प्रभावित किया।